दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




क्या इंसानो को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क.......



मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना .....


वर्ष : 10 | अंक : 219 | लखनऊ, 19 जुलाई, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# सीएम योगी ने सामूहिक विवाह योजना में पारदर्शिता के लिए एसओपी की जारी

## शादी के बंधन में बंधेंगे प्रदेश के 1 लाख जोड़े

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हर वर्ग की जरूरतमंद बेटियों के विवाह के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी सामूहिक विवाह योजना को और अधिक पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित किए जाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने नियम और प्रक्रियाओं को और अधिक परिभाषित करते हुए एसओपी तैयार की है। इसके अंतर्गत जनपदों में यथासंभव एक स्थान पर 100 से कम जोड़ों के विवाह कराए जाने एवं 100 से अधिक जोड़ों के विवाह होने की स्थिति में जिलाधिकारी की उपस्थिति में आयोजन कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग से पंजीकरण काउंटर के साथ मंडल के उपनिदेशक एवं निकट जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर उपस्थित होकर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। विभाग ने निर्धारित बजट के अनुरूप इस वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य तय किया है।



### 10% चयनित जोड़ों का होगा रैंडम सत्यापन

सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के रैंडम सत्यापन जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने के प्राविधान किए गए हैं। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है, जिसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी द्वारा आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस पड़ोस के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की पुष्टि की जाएगी, जिससे किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ प्राप्त न कर सकें।

### डिजिटल सिग्नेचर से ही सत्यापित होंगे आवेदन

जांच प्रक्रिया को मजबूत करने के साथ ही अब संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर से डिजिटल सिग्नेचर से स्वीकृत आवेदन ही सामूहिक विवाह में शामिल हो सकेंगे। आवेदन के दौरान आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण के द्वारा वर की 21 वर्ष एवं कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक होने पर ही ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था पोर्टल पर की गई है।

### ये दी जाएगी सहायता

सामूहिक विवाह समारोह में दांपत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35,000 रुपए सहायता राशि अंतरित की जाती है। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपए तथा विधवा, परित्यक्ता/ तलाकशुदा के मामले में 5,000 रुपए तक की वैवाहिक सामग्री विवाह के समय ही प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा विवाह की समस्त व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप किए जाने हेतु 6,000 रुपए प्रति जोड़ा व्यय निर्धारित है।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

योजना के अंतर्गत ऑनलाइन वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत लाभ पाने के लिए लाभार्थी आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर), जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा विभाग वेबसाइट से भरा सकते हैं।

## अखिलेश का 'केशव' को मानसून ऑफर 100 लाओ सरकार बनाओ



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी में चल रही खींचतान में घी डालने का काम किया है. अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट डालकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम लिये बिना उन्हें बड़ा ऑफर दिया है. अखिलेश ने एक्स पर लिखा, "मानसून ऑफरः सौ लाओ, सरकार बनाओ।" अखिलेश के इस पोस्ट को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा है। यूपी में इन दिनों बीजेपी में अंदरूनी कलह की चचाएं हैं।

कार्यसमिति की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अचानक दिल्ली जाने से सूबे का सियासी पारा चढ़ गया है। इन सबके बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार तंज कस रहे हैं। अखिलेश ने आज गुरुवार को बिना किसी का नाम लिए एक्स पर मानसून ऑफर दिया है। उन्होंने लिखा है कि 100 लाओ, सरकार बनाओ। अखिलेश के इस पोस्ट को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा है। सपा प्रमुख इससे पहले एक इंटरव्यू में केशव प्रसाद मौर्य को खुला ऑफर दे चुके हैं कि वह 100 विधायकों को तोड़ लाएं और सरकार बना लें।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफ्टी 22,957.10

## अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए जम्मू से तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 4,383 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बृहस्पतिवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 157 वाहनों में सवार 4,383 तीर्थयात्रियों के 21वें जत्थे ने तड़के 3.15 बजे भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। इस जत्थे में 1,086 महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, 2,682 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48



किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,701 तीर्थयात्रियों ने गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है। अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त तक चलेगी।

# जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी ने की अहम बैठक

## अमित शाह और राजनाथ सिंह हुए शामिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 18 जुलाई को जम्मू-कश्मीर (ख&ड) में आतंकी हमलों की बढ़ती संख्या पर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। पीएम मोदी की सुरक्षा बैठक के बारे में अब तक कोई और जानकारी साझा नहीं की गई है। सुरक्षा बैठक जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में दो सैनिकों के घायल होने के कुछ घंटों बाद हुई है, जहां सेना के जवान एक मेजर सहित चार कर्मियों की हत्या से जुड़े कुछ आतंकवादियों को मार गिराने के लिए मुठभेड़ में लगे हुए हैं।



ऑपरेशन गुरुवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया और मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को देसा के जंगलों में दो स्थानों पर थोड़ी देर के लिए गोलीबारी भी हुई। इससे पहले दिन में, डोडा आतंकी हमले से जुड़े तलाशी अभियानों में सहायता के लिए एक स्कूल भवन के अंदर स्थापित एक अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकवादियों के एक समूह ने गोलीबारी की, जिसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग करने के बाद आतंकी घने जंगल में भाग गए। गोलीबारी कास्टीगढ़ क्षेत्र के जद्दन बाटा गांव में देर रात करीब दो बजे शुरू हुई और एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही। गंभीर रूप से घायल सैनिकों में से एक को उधमपुर स्थित कमांड अस्पताल ले जाया गया है।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार को नियंत्रण रेखा (एनओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। उन्होंने बताया कि दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया है। अभियान जारी है।

# गोंडा में हुए रेल हादसे में राहत कार्य में स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के गोण्डा -मनकापुर रेलखण्ड के मध्य मोतीगंज-झिलाही स्टेशन के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस भयावह हादसे में चार लोगों की मौत की सूचना है जबकि 14 लोग घायल हो गए हैं। इस बीच स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

घटना की सूचना प्राप्त होते ही अवध प्रांत के गोण्डा जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक घटनास्थल पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मनकापुर तथा गोण्डा जिला अस्पताल पहुँचाया। इस मौके पर संघ के 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया। साथ ही, स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर यात्रियों के बिखरे पड़े सामान आदि एकत्र कराये। हादसे के बाद हुये हड़कम्प में यात्रियों में भय सा बैठ गया था, ऐसे में स्वयंसेवकों ने उनकी हरसंभव सहायता कर अपना कर्तव्य निभाया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर घायलों को अस्पताल तक पहुँचाने के लिए निजी एवं सरकारी एम्बुलेंस का प्रयोग किया। इस बीच स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया। वहीं, यात्रियों के प्राथमिक उपचार के लिए निजी चिकित्सकों को भी सक्रिय किया।







राहत कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने रेल दुर्घटना की सूचना अवध प्रांत के विश्व संवाद केंद्र अवध प्रमुख को दी। घटनास्थल पर संघ के गोण्डा विभाग के विभाग प्रचारक प्रवीण जी, गोण्डा के जिला प्रचारक अनिल जी, नन्दिनी नगर के जिला प्रचारक रवि जी, वि.शा.शि.प्रमुख गणेश जी, बलरामपुर सह जिला कार्यवाह शैलेन्द्र जी, नन्दिनी नगर जिला कार्यवाह रविन्द्र जी आदि मौजूद थे। किसी प्रकार के सहायता व जानकारी के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त ने निम्न नम्बर जारी किये है। जिन पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अनिल- 9415409868

ज्ञान प्रकाश- 8840068230

राम प्रकाश- 8840460159

अमन सिंह- 7007474819

## कांग्रेस शासित राज्य में 11 इंदिरा कैंटीनों ने भोजन परोसना किया बंद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शहर के नागरिक निकाय द्वारा ठेकेदारों को बिलों का भुगतान न करने के कारण बेंगलुरु में कम से कम 11 इंदिरा कैंटीनों ने भोजन परोसना बंद कर दिया है। बुधवार रात से कैंटीनों ने खाना परोसना बंद कर दिया है। कैंटीनों में भोजन की आपूर्ति के लिए एक साल के लिए अनुबंधित कंपनी शेफ टॉक ने दावा किया कि ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) बिलों में लगभग 65 करोड़ रुपये का भुगतान करने में विफल रही है। शेफ टॉक ने कहा कि बिलों का निपटान करने के कई अनुरोधों के बावजूद, बीबीएमपी ने भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण भोजन सेवाएं रोक दी गई हैं। बीबीएमपी आयुक्त तुषार गिरिनाथ ने दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि नागरिक निकाय के मार्शल द्वारा चिह्नित उपस्थिति ठेकेदार के दावों से मेल नहीं खाती।गिरिनाथ ने कहा कि हमारे पास 198 वार्ड हैं और 184 कार्य कर रहे हैं। सात स्थानों पर, उन्होंने कभी संचालन नहीं किया। शेष स्थानों पर मोबाइल कैंटीन काम कर रही हैं, हालांकि तीन या चार काम नहीं कर रही हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## 'विकास को कोई अंत नहीं, बहुत कुछ हुआ है, बहुत बाकी है' : मोहन भागवत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, ₹मनुष्यों के बाद, कुछ लोग सुपरमैन बनना चाहते हैं, फिर वे 'देवता', फिर 'भगवान' और फिर 'विश्वरूप' बनना चाहते हैं।₹ भागवत ने झारखंड के गुमला में एक गैर-लाभकारी संगठन विकास भारती द्वारा आयोजित ग्राम-स्तरीय कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्या प्रगति का कभी कोई अंत होता है?... जब हम अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं, तो हम देखते हैं कि अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। मोहन भागवत ने आगे कहा कि एक आदमी सुपरमैन बनना चाहता है, फिर देव और फिर भगवान। आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार के विकासों का कोई अंत नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है और इसीलिए हमें हमेशा थोड़ा 'असमाधान' (बिना समाधान) पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है। एक कार्यकर्ता को यह सोचना चाहिए कि उसने बहुत कुछ किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है क्योंकि और अधिक करने की गुंजाइश हमेशा रहती है... समाधान तभी निकलेगा जब लगातार विकास होता रहेगा। उन्होंने कहा, "देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह नहीं है, अच्छी चीजें होनी चाहिए, इसके लिए सभी काम कर रहे हैं, हम भी प्रयास कर रहे हैं..." आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत के लोगों का अपना स्वभाव है और कई लोग बिना किसी नाम या प्रसिद्धि की इच्छा के देश के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर अपना धर्म नाम छुपा कर धंधा करने वालों के खिलाफ योगी सरकार सख्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। देश के अलग अलग हिस्सों में छोटे व्यापारियों खासकर खाने पीने का सामान बेचने वाले दुकानदारों के बीच एक अलग ही ट्रेंड चल रहा है कई दुकान अपना धर्म छुपा कर और दूसरे धर्म के देवी देवताओं और नाम की आड़ लेकर धंधा करने लगे हैं। कोई अपनी दुकान का नाम हिंदू देवी देवताओं के नाम पर रख लेता है तो कोई तिलक लगाकर और भगवा गमछा पहनकर यात्रियों को गुमराह करता है। हिंदू देवी देवताओं के नाम पर दुकान का नाम रखकर यहाँ नॉन वेज परोसा जाता है। इसको लेकर लंबे समय से विवाद भी चल रहा है, खासकर ऐसे दुकानदारों से उन लोगों को तब ज्यादा समस्या होती है जब वह अपने धार्मिक आयोजनों जैसे कावड़ यात्रा पर निकलते हैं, जिस दौरान भक्त अपने खान पान का विशेष ध्यान रखते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें खाना खाने के बाद पता चलता है कि जिन देवी देवताओं के नाम पर दुकान चल रही थी, वह दूसरे धर्म या संप्रदाय का था।

सावन का महीना शुरू होने वाला है। इसी दौरान शिव भक्त कावड़ लेकर प्रदेश की प्रसिद्ध नदियों का गंगाजल लेकर अपने क्षेत्रीय शिवालयों में चढ़ाने के लिए निकल पड़े हैं। कावड़ यात्रा के दौरान ऐसे दुकानदारों के खिलाफ योगी सरकार ने फरमान जारी कर कहां है, कोई भी दुकानदार अपना धर्म और नाम छुपा कर व्यापार नहीं करेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिला प्रशासन से इस बात का ध्यान रखने की बात कहते हुए कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाली दुकानों के मालिकों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दुकान पर नाम का बोर्ड जरूर लगाएं। प्रशासन के इस निर्देश पर सियासी बवाल शुरू हो गया है। खैर, योगी सरकार के आदेशानुसार सभी दुकानदारों को अपनी दुकान पर नाम का बोर्ड लगाने को कहा गया है। उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों जैसे मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर आदि में कांवड़ यात्रा के रास्ते पर पड़ने वाले बहुत से मुस्लिम दुकानदारों ने बोर्ड लगाने शुरू कर दिए हैं। योगी सरकार इस फैसले पर कांग्रेस एवं सपा, बसपा की तो कोई प्रतिक्रिया नहीं है, लेकिन यूपी की सरहद से दूर बैठे असदुद्दीन ओवैसी से लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोईत्रा तक ने योगी सरकार को घेरा है। वहीं, मुजफ्फरनगर के एसएसपी का कहना है कि यात्रा के दौरान किसी विवाद से बचने के लिए दुकानदारों से अपना नाम डिस्प्ले बोर्ड पर लिखे जाने से संबंधित फैसला लिया गया है।

# भीषण सड़क दुर्घटना अनियंत्रित होकर पलटी कार तीन की मौत, तीन घायल







अमन लेखनी समाचार/गिरीश चंद्र त्रिपाठी

**बांगरमऊ, उन्नाव ।** कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम बहलोल पुर के सामने आज फिर भीषण मार्ग दुर्घटना हुई। जहाँ चालक को झपकी आ जाने से तेज रफ्तार स्कार्पियो पलट गई।और स्कार्पियो सवार तीन यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई तथा तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायलों को आनन-फानन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहाँ से घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार आज करीब छह बजे थाना बांगरमऊ क्षेत्रांतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किमी संख्या 236 के पास ग्राम बहलोलपुर के सामने स्कार्पियो कार UP 32 ME 9493 जो कि दिल्ली से फैजाबाद जा रही थी, अनियंत्रित होकर पलट गई।कार में कुल 06 लोग (सभी पुरुष) सवार थे।जिनमें वैभव पाण्डेय पुत्र अज्ञात उम्र करीब 35 वर्ष नि0 विलासपुर नया बाजार जनपद अयोध्या, मनोज सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह उम्र करीब 45 वर्ष नि0 उपरोक्त, अरविन्द सिंह पुत्र भगवान सिंह उम्र करीब 40 वर्ष नि0 उपरोक्त की घटना में मौके पर मृत्यु हो गई है।जबकि महेन्द्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह उम्र करीब 38 वर्ष नि0 रजवापुर थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती, आशीष कुमार पुत्र मिठाई लाल उम्र करीब 45 वर्ष नि0 विलासपुर थाना नयाबाजार जनपद अयोध्या, अनुज पाण्डेय पुत्र अज्ञात उम्र करीब 40 वर्ष नि0 नयाबाजार जनपद अयोध्या आदि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर स्कोर्पियो सवार 03 घायलों को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया, जहां से सभी को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है एवं मौके पर क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ एवं थाना बांगरमऊ पुलिस मौजूद है, पुलिस द्वारा मृतकों के शवों को कब्जे मे लेकर पंचायतनामा भरकर पीएम हेतु भेजा जा रहा है, यातायात सुचारू रूप से जारी है।

## संक्षेप

### पत्नी से अनबन के चलते युवक ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पत्नी से अनबन के चलते युवक ने घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो सिसवारा निवासी श्यामू (32) का लंबे समय से पत्नी से अनबन चल रही थी। जिसके चलते किसान श्यामू ने बुधवार रात को रोज की तरह खाना खाकर घर के अंदर कमरे में सोने चला गया था। बृहस्पतिवार सुबह जब परिजनों ने देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर दरवाजा खोलकर कर देखा कि श्यामू कमरे में फांसी के फंदे पर रस्सी के सहारे लटक कर रहा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक श्यामू की पत्नी ममता काफी समय से दोनो में अनबन होने के कारण अपने मायके में दो बच्चो के साथ रह रही है। इस संबंध में एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### लैब रिसर्च असिस्टेंट की पत्नी से नकदी सहित कीमती गहने ले उड़े टप्पेबाज

सीसीटीवी फुटेज तलाशने में जुटी स्थानीय पुलिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे की पौस कालोनी आर डी एस ओ में रहने वाले लैब रिसर्च असिस्टेंट की पत्नी को बेखौफ टप्पेबाजो ने निशाना बना गुरूवार सुबह घर पहुंच उनके पति की नौकरी से बर्खास्त होने व जेल जाने की बात कह झांसे में लेकर 30 हजार रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये के कीमती गहने टप्पेबाज ले फरार हो गए।वही लैब असिस्टेंट की पत्नी से दिन दहाड़े हुई टप्पेबाजी की घटना से कालोनी में हडकंप मच गया। वही सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस रेलवे पुलिस द्वारा बैरियर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में टप्पेबाजो के फुटेज तलाशने में जुटी हुई है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तरफ से कोई लिखित तहरीर नहीं आई है।तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

### महिला से छेड़छाड़ के आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया एक निजी स्कूल के कर्मचारी लवकुश उसका जबरन हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने की कोशिश की,विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी युवक पर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# किशोरी के शव को सड़क पर रखकर परिजनों ने किया हंगामा, हत्या का लगाया आरोप

**हंगामा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरकारी शिक्षक के घर पर केयर टेकर का काम करने वाली नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने रहीमाबाद थाने के पास शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और सरकार से आर्थिक मदद की मांग की। लोगों को शांत कराकर पुलिस ने आश्वासन दिया।

रहीमाबाद से सटे उन्नाव जनपद के औरास थाना के एक गांव निवासी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में किशोरी उद्यान एल्डिको कॉलोनी निवासी शिक्षक सौरभ सिंह के घर पर केयर टेकर का काम करती थी। सोमवार सुबह किशोरी की संदिग्ध


हाईवे पर प्रदर्शन करते ग्रामीण – फोटो

परिस्थितियों में मौत हो गई थी। किशोरी के घर वालों ने आरोप लगाया है कि रेप करने के बाद किशोरी की हत्या कर दी गई। बुधवार रात किशोरी के परिजनों ने वहीं के लोगों की मदद से पीजीआई थाने पर हंगामा काटकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने शिक्षक सौरभ सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया था। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव लेकर गांव की ओर निकल पड़े तभी रहीमाबाद में लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर किशोरी का शव रखकर चौराहे पर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के चलते दोनों तरफ कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। पुलिस के समझाने के बावजूद भी परिजन नहीं माने।

**घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन हो सका चालू।**

प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व में मलिहाबाद में तैनात है एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह सहित उन्नाव लखनऊ के पांच थानों की पुलिस मौजूद रही मलिहाबाद एसडीएम ने परिजनों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आवागमन करने वाले रहगीरों को इस भीषण गर्मी में निमार्णाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर कड़ी परेशानियों से जूझना पड़ा। पुलिस ने हंगामा करने वाले लोगों को उकसाने और वीडियो ग्राफी के माध्यम से चिन्हित कर रही है। परिजनों ने बृहस्पतिवार देर शाम को किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंचे मजदूर को पुलिस ने बचाया

निगोहां। बघौना गांव के बाहर से गुजरे रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंचे सनकी मजदूर की गुरूवार को डायल-112 पुलिस की सक्रियता से जान बच गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस मजदूर को समझा बुझाकर अपने साथ निगोहां थाने लेकर गयी।जिसके बाद पुलिस ने परिजनो को थाने बुलाकर मजदूर को उनके सुपुर्द किया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया क्षेत्र के हरिहरपुर पटसा गाँव निवासी मजदुर पिन्टू मानसिक रूप से परेशान रहता है.गुरूवार को वो मजदूरी करने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वो बघौना गांव के बाहर से गुजरे रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंच गया।इस दौरान उसे रेलवे ट्रैक पर खड़ा देख उधर से गुजरे लोगो ने पीआरवी डायल-112 पुलिस को सूचना दी जिसके वाद पीआरवी वाहन से मौके पर पहुंचे कमांडर सजंय सिंह मजदूर को समझा बुझाकर अपने साथ वाहन में बिठाकर निगोहां थाने लेकर आये,जहां परिजनो को बुलाकर मजदूर को उनके सुपुर्द किया गया।परिजन पुलिस को धन्यवाद कहकर मजदूर को अपने साथ घर लेकर गये।

## ट्रैक्टर से खेत जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसकर किशोर की मौत

**बदनखेड़ा गांव में ट्रैक्टर से खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसकर किशोर की दर्दनाक मौत**

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बदनखेड़ा गांव में गुरुवार को खेत की ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर से जुताई के दौरान अचानक से सतुंलन बिगड़ने से किशोर रोटावेटर के नीचे जा गिरा ओर उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनो ने मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने से मना कर दिया।जिसके बाद पुलिस ने पंचनामे की कार्यवाही पूरी कर शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

निगोहां क्षेत्र के बदनखेड़ा गांव निवासी रिकंल यादव ने बताया उसका छोटा भाई अभय यादव (13वर्ष) बिन्दौवा में स्थित माध्यमिक विद्यालय में कक्षा सात में पढता है,बीते गुरुवार की दोपहर छोटा भाई अभय अपने चचेरे भाई कुलदीप के साथ गांव के बाहर स्थित अपने खेत की ट्रैक्टर में रोटावेटर लगवाकर जुताई करवा रहा था।ट्रैक्टर चचेरा भाई कुलदीप चला रहा था इस दौरान अभय रोटावेटर पर बैठा हुआ था, अचानक से झटका लेते हुये उसका सतुंलन बिगड़ गया ओर वो नीचे गिर गया ओर रोटावेटर में फंसकर किशोर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।कुलदीप ने ट्रैक्टर रोककर चिल्लाना शुरू किया तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने ग्रामीणो की मदद से रोटावेटर में बुरी तरह फंसे किशोर के शव को बाहर निकाला।सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनो ने मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।जिसके बाद परिजनो ने मृतक किशोर के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।मृतक किशोर के परिवार में मां व एक भाई व तीन बहने है।

## कनपटी में रिवाल्वर लगा के सोने की चेन व हजारों की नगदी लूटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत बल्लू खेड़ा निवासी अखिलेंद्र सिंह ने बंथरा के हिंदू खेड़ा में रहने वाले उदयभान सिंह उर्फ मोनू, अनुष्मान सिंह, अनिल सिंह, रविकांत सिंह व शशिकांत सिंह आदि के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर कनपटी में रिवाल्वर लगाने के अलावा गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और सोने की चेन व हजारों की नगदी लूटने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अखिलेंद्र के मुताबिक उसकी उदयभान सिंह उर्फ मोनू से पुरानी रंजिश चल रही है। अखिलेश का कहना है कि बुधवार देर शाम करीब 7 बजे वह अपने घर से बंथरा के जुनाबगंज स्थित होटल जा रहा था। तभी रास्ते में उदयभान व उसके सभी साथियों ने रास्ते में उसे रोक लिया। आरोप है कि इस दौरान उदयभान ने अखिलेंद्र की कनपटी पर रिवाल्वर लगा दी और गाली गलौज करने के साथ ही उसे मारने पीटने लगा। जब कुछ स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर अखिलेन्द्र को बचाया तो उदयभान ने रिवाल्वर से जान से मारने की कोशिश की। लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित ने अपना बचाव करते हुए उदयभान का रिवाल्वर उससे छीन लिया। बाद में सीधे रिवाल्वर लेकर बंथरा थाने पहुंचा और रिवाल्वर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उदयभान सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। अखिलेन्द्र का कहना है कि उदयभान अपने क्षेत्र का दबंग व्यक्ति है। वह इससे पहले भी अखिलेन्द्र के साथ ऐसा वाक्या कर चुका है। अखिलेंद्र ने आरोप लगाया की घटना के दौरान उदयभान उर्फ मोनू ने उसके गले में पड़ी सोने की चेन और 7 हजार रुपये भी छीन लिए। फिलहाल अखिलेन्द्र की तहरीर पर बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# राम मंदिर को लेकर युवाओं में जबरदस्त क्रेज

## डॉ. राजेश्वर सिंह की फ्री बस सेवा से अयोध्या पहुंचे डिजिटल एजुकेशन ट्रेनी युवा

- 25वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह ने रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र के छात्रों को कराया अयोध्या दर्शन

गरड़ियन खेडा में डॉ. राजेश्वर सिंह ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर, वर्षा जनित बीमारियों से प्रभावित है गाँव




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लतीफनगर स्थित रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र के प्रशिक्षु छात्र - छात्राओं को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बस सेवा के माध्यम से अयोध्या के दर्शन कराया गया। इन युवाओं में अधिकाँश में में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने का विशेष उत्साह था।

लतीफनगर में सभी दर्शनार्थियों को विधयक की टीम द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर बस में बिठाया गया, यात्रा के दौरान सभी दर्शनार्थियों को उनके घर से लाने ले जाने की सुविधा, रास्ते में भोजन, जलपान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था भी विधायक की टीम द्वारा की गयी। इसके अलावा दर्शनार्थियों के लिए अयोध्या में भव्य राम जन्मभूमि मंदिर, श्री हनुमानगढ़ी एवं अन्य मंदिरों के सुगमतापूर्वक दर्शन कराने की व्यवस्था की गयी, वापसी के समय सभी को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। पूरे समय हर सुविधा - सहयोग के लिए विधायक की टीम की आत्मीय उपस्थिति रही।

बता दें कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा अबतक 25 रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बस सेवा का आत्मीय संचालन कराया गया, इसके अलावा भी 35 अन्य निशुल्क बस यात्राओं के माध्यम से जनता को तीर्थस्थलों के फ्री दर्शन कराए गए। इस तरह विधायक राजेश्वर सिंह ने अब तक 60 से ज्यादा बसों द्वारा जनता को अयोध्या के दर्शन कराए।

### गरड़ियन खेडा में लगा स्वास्थ्य शिविर

सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गरड़ियन खेडा, कल्लीपश्चिम में वर्षा जनित बीमारियों के फैलने की सूचना पर डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा लगातार लोगों के स्वास्थ्य देखभाल तथा साफ - सफाई के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वृहस्पतिवार को एलयांट्रा मेडिसिटी, विभूतिखंड गोमतीनगर के सहयोग से गरड़ियन खेड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस के पहले बुधवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा नगर आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ अरविन्द कुमार राव, मुख्य अभियन्ता महेश कुमार, जोनल अभियन्ता एससी सिंह आदि के साथ मौके का मुआयना किया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज में भर्ती प्रभावितों से मिलकर उनका हालचाल जाना गया और संभव सहायता भी उपलब्ध कराई गयी। इस दौरान पार्षद मनोज रावत, गुड्डू तिवारी, मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, अरविंद दीक्षित, अरुण द्विवेदी, बूथ अध्यक्ष सुरेश रावत, रोशनी रावत, विश्राम, शिव प्रकाश व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## विराट कायस्थ समागम की तैयारी को लेकर केन्द्रीय कार्यालय पर हुआ गहन विचार-विमर्श

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माह फरवरी, 2025 में होने वाले विराट कायस्थ समागम की तैयारी को लेकर केन्द्रीय कार्यालय पर गहन विचार-विमर्श हेतु ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त जानकारी जीकेसी मीडिया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी आगत सदस्यों एवं पदाधिकारियों का दीपक कुमार अभिषेक, ग्लोबल उपाध्यक्ष-सह-बिहार प्रदेश अध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रभारी के द्वारा अभिनन्दन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। बैठक मे पूरे भारतवर्ष में 31 दिसम्बर तक जी.के.सी. का 01 लाख सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया। आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के लिये सभी को उत्प्रेरित कर जी.के.सी. के बैंक खाता में आजीवन सदस्यता शुल्क रू0



11,000/- जमा कराये जाने का अनुरोध सभी सदस्यों/पदाधिकारियों द्वारा किया जाना है। पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक पदाधिकारी द्वारा 31 जुलाई, 2024 तक कम-से-कम 11 सदस्यों को जोड़ने का अनिवार्य लक्ष्य दिया गया। सुझाव के रूप में सर्वप्रथम अपने परिवार, रिश्तेदार को सदस्य बनाकर इस लक्ष्य को पूरा किया जाना है। सदस्यता शुल्क वार्षिक रू0/- 11 एवं आजीवन रू0 11,000/- निर्धारित है। इसकी समीक्षा पटना में बिहार राज्य के लिये अगस्त के प्रथम सप्ताह में बैठक निर्धारित कर पूरे देश के लिये वर्चुअल मीटिंग के द्वारा की जायेगी। प्रत्येक नये सदस्य, आजीवन सदस्य अथवा जो सदस्य रू0 100/- का मासिक सहयोग या रू0 1,100/- का वार्षिक सहयोग राशि जमा कर रहे हैं या कर चुके हैं, उन्हें आई.टी. सेल के द्वारा आभार पत्र यथाशीघ्र निर्गत किया जाना है। आगामी फरवरी, 2025 में आयोजित विराट कायस्थ समागम को ऐतिहासिक बनाये जाने पर सभी सदस्यों पदाधिकारियों की आम सहमति बनी एवं निर्णय लिया गया कि इसके लिये प्रदेश के सभी जिलों में सघन दौरा प्रदेश के पदाधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। यह कार्य महापर्व छठ के समापन के तुरंत बाद प्रारंभ किया जायेगा। बिहार राज्य के सभी जिलाध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी समिति के साथ इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ करेंगे। पटना जिला में विराट कायस्थ समागम में जिला के परिवारों की अत्यधिक उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में लगातार कायस्थ चौपाल की बैठक जुलाई माह से ही प्रारंभ कर दी जानी है। इसके लिये बिहार राज्य एवं पटना जिला के सभी पदाधिकारी बिहार प्रदेश के अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष की सहमति से प्रोग्राम तैयार कर कार्यवाही प्रारंभ करेंगे। सोशल मीडिया पर जीकेसी के कार्यक्रमों को सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम पर पोस्ट किये जाने का निर्णय लिया गया, ऐसे पोस्ट पर अपना लाईक एवं कमेंट निश्चित रूप से दर्ज करें। अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में केन्द्रीय कार्यालय नागेश्वर कॉलोनी, पटना में समीक्षा बैठक में विराट कायस्थ समागम के कार्यक्रम के नाम एवं तिथि की घोषणा की जायेगी। बैठक में राजीव रंजन प्रसाद, ग्लोबल अध्यक्ष, आशुतोष ब्रजेश, दीपक कुमार अभिषेक, डॉ0 नम्रता आनन्द, शिशिर कुमार लाल, आलोक वर्मा, डॉ0 प्रियदर्शी हर्षवर्द्धन, संजय कुमार सिन्हा (महासचिव), बालाजी सहाय, निलेश रंजन, सुनील कुमार वर्मा, विजय कुमार, मुकेश वर्मा, अनिल कुमार दास, धनंजय प्रसाद, सुशील कुमार, अजय कुमार अम्बष्ठ, दिवाकर कुमार वर्मा, संजय कुमार सिन्हा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष -सह-असम राज्य प्रभारी), रंजना, दिवाकर कुमार (राजू) एवं प्रसुन्न श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## घर से दवा लेने निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार



नगराम। अमवा मूर्तजापुर गांव स्थित घर से दवा लेने निकली महिला संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गयी।काफी खोजबीन के बाद भी महिला का पता ना चलने पर पीड़ित पति ने नगराम थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर लापता पत्नी को तलाशने की गुहार लगायी।पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश में जुट गयी है।नगराम के

अमवा मूर्तजापुर गांव निवासी अजयसन्त ने बताया पत्नी निर्मला देवी (32वर्ष) बीते मगंलवार की सुबह 10:00 बजे दांतो की दवा लेने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी।जिसके बाद परिजनो संग पति ने लापता पत्नी की खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका।थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया पीड़ित पति की तहरीर पर लापता महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## सांसद आरके चौधरी को लड्डुओं से तौल कर किया गया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सपा सांसद आरके चौधरी द्वारा गुरुवार को सरोजनीनगर क्षेत्र में जोन और सेक्टर भ्रमण एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत यह कार्यक्रम सरोजनीनगर स्थित लोनहा के गड़रियन खेड़ा, लतीफ नगर, रसूलपुर, ऐन, रेवतापुर व नरेरा में आयोजित किए गए। लतीफनगर में जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव द्वारा सांसद आरके चौधरी का स्वागत करते हुए लड्डुओं से तौला गया। इस दौरान सांसद आरके चौधरी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद हम आप लोगों के बीच आए हैं। इसलिए आपको नहीं, बल्कि हमें आपको लड्डू खिलाने चाहिए। लेकिन आपने हमें ही लड्डुओं से तौल दिया। सांसद आरके चौधरी ने कहा कि आपने हमें जिताकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। अब हम आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। इसके लिए आपसी वातालर्प के जरिए क्षेत्र की समस्याएं निकलकर आएंगी। जिसका निवारण करना मेरा दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए आगे बढ़ना पड़ता है। इसीलिए दो कदम आप चलो हमारी तरफ, और दो कदम हम चले आपकी तरफ, तभी काम संभव हो पाएगा। सांसद ने कहा कि जनता ने एनडीए की सरकार को गिराने के लिए मतदान किया था, किंतु किसी कारणवश हम लोग सफल नहीं हो पाए और एनडीए की सरकार बन गई। उन्होंने कहा अब तक एनडीए की सरकार मजबूत बनती थी, लेकिन इस बार यह सरकार मजबूर बन गई है। इसकी मनमानी पर विपक्ष ने नकेल लगा रखा है। सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार बहुत ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। इस कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव, बचान सिंह यादव, जोन प्रभारी बेचा लाल यादव, हरिपाल यादव, अजीत यादव, सभासद संतोष यादव, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू यादव, विमल सेठ, इंद्रेश यादव, अजीत यादव मलिंगा, दीपक यादव, राम विलाश, संदीप पटेल, ललित रावत, केशव रावत, अयोध्या मौर्य, कमलेश पासी, आयुष पटेल, अमित यादव, दिलीप यादव, संतोष यादव, राजेंद्र प्रसाद एडवोकेट, मंसा राम यादव, बेचा लाल यादव ,विकास साहू पूर्व प्रधान, रहमत व विमल यादव सेठ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर का शटर तोड़ घुसे चोर

**नकदी, सहित कीमती दवाइयाँ चोरी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में संचालित एक मेडिकल स्टोर का शटर तोड़ घुसे चोरों ने दुकान के लाकर से हजारों की नकदी, सहित कीमती दवाइयाँ चोरी कर फरार हो गए। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित दुकान संचालक ने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी देने के साथ स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। वही दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित गोपालपुरी निवासी प्रफुल्ल श्रीवास्तव पुत्र स्थ० गुरु प्रसाद श्रीवास्तव के अनुसार मैडल मेडिकल स्टोर के नाम से उनका मेडिकल स्टोर हिन्द नगर में संचालित है। बीते 11 जुलाई की रात्रि करीब एक बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे।अगले दिन सुबह पडोसी दुकानदार से चोरी की जानकारी हुई। वही पीड़ित का कहना था कि उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। चोरों ने उनकी दुकान का लाकर तोड़ 8600 रुपए नकदी सहित कीमती दवाईयां चोरी गई है। वही चोरों की करतूतें दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने वाले तीन लोग दिख रहे हैं जिनकी आयु लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच लग रही है कैमरे चोरों का चहरा साफ-सफ दिख रहा है। पुलिस के अनुसार पीड़ित से तहरीर ले मामले की जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## मोहनलालगंज में नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, किया सील

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज क्षेत्र के महेशखेड़ा गांव में बुधवार को कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित हो रही उर्वरक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। टीम को मौके से बड़े पैमाने पर खाद बनाने का कच्चा माल भी बरामद हुआ है। मौके से बरामद खाद के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जबकि फैक्ट्री को सील कर मामले में कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी है।

मोहनलालगंज के महेशखेड़ा गांव में पिछले कुछ माह से अवैध रूप से खाद बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। किसी ने इसकी शिकायत एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा से की। एसडीएम की सूचना पर बुधवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह और अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी की अगुवाई में कृषि विभाग की टीम ने पुलिस फोर्स के साथ महेश खेड़ा में जगदीश प्रसाद की बिल्डिंग में छापा मारा। इस दौरान चार दुकानों और गोदाम में डीएपी और एमओपी के लगभग सात सौ बैग बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त काफी मात्रा में खाद बनाने का कच्चा माल और बैग सिलने की मशीन बरामद की गई। यही नहीं गोदाम और दुकानों में सरकारी खाद के बैग भी पाए गए। जिनकी जांच भी शुरू कर दी गई है।जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया छापेमारी में मिली खाद के चार सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। चार दुकानों और गोदाम को सील कर दिया गया है। बिल्डिंग मालिक जगदीश प्रसाद ने बताया दुकानें और गोदाम राघव गुप्ता नाम के किसी शख्स ने किराए पर लिया था। जिसका मोबाइल नंबर उन्होंने दिया है। हालांकि कोई किरायानामा अथवा एग्रीमेंट प्रस्तुत नहीं किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। डीएम के निर्देशानुसार एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया सरोजनीनगर के खटोला गांव में भी इसी तरह अवैध रूप से खाद स्टोर किए जाने की सूचना मिली है। वहां भी छापेमारी की जाएगी।

## संक्षेप

### बाढ़ पीड़ित वासियों को बाटी गई दवा

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। बाढ़ को देखते हुये जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने गुरूवार को चंपापुरवा के निचले इलाकों मे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज की महिला चिकित्सक डा. रश्मि वर्मा, स्वास्थ्य कर्मी सिद्धार्थ बाजपेयी, अखिलेश के साथ गोताखोर व चंपापुरवा के निचले इलाके वाले बाढ़ क्षेत्र में पहुंची। जहां नाव के सहारे लगभग पच्चीस परिवारों को बुखार, चर्म, पेट दर्द, कीड़ा आदि बीमारी से बचाव के लिए दवाएं दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रवि प्रकाश सचान ने बताया कि इसी तरह अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयां बांटी जायेंगी।

### वार्ड में चलाया गया सफाई अभियान

अमन लेखनी समाचार


शुक्लागंज, उन्नाव। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 18 गयत्री नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने वार्ड में फागिंग भी कराई। ईओ ने बताया कि इसी तरह जुलाई माह में अभियान चलाकर पूरे पालिका क्षेत्र में साफ सफाई कराई जायेगी।

### गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किए गए ताजिये

पुरवा, उन्नाव। गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किए गए ताजिये नगर में मोहर्रम माह को गमगीन माहौल में बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से और अकीदत के साथ मनाया गया ताजियों का जूलूस अपने निर्धारित मार्गों से गुजरा। बुधवार की सुबह ताजिये अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए और या हुसैन या अली की सदाओं से गूंज उठा पुरवा। नगर में मोहर्रम के माह को लेकर मोहल्ला मियां टोला, वजीरगंज, राजा बाजार, दलीगढी, छबय्यनटोला, शीतलगंज, पीरा शाह, समेत क्षेत्र के तौरा, चमियानी, कायमपुर, मिर्री कला, रैकड, आदि जगहों पर इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मोहर्रम सात तारीख को नगर के इमाम बाड़ा से अकीदत मंदों ने आलम उठाकर मोहर्रम की आठ तारीख की रात में आलम इमाम बाड़ा पर रखा गया। और लोगों द्वारा हर जगह लंगर व सीरिनी बंटवाने का सिलसिला जारी रहा। जिसके बाद नव तारीख को नगर के विभिन्न मोहल्लों में ताजिया दारी हुई और मोहर्रम की दस तारीख को कर्बला में ले जाकर सुपुर्द ए खाक किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दौरान क्षेत्राधिकारी सोमेंद्र विश्वास, कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया, राजेश कुमार यादव, विधुत विभाग से एसडीओ अनिल कुमार वर्मा, जेई अशोक कुमार पाल, लैनमैन जाहरु, सुनील, व दमकल विभाग आदि अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गंगा के जलस्तर में दर्ज की गई गिरावट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर मंगलवार को चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिस कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ था। मंगलवार शाम से बुधवार शाम के बीच जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को चेतावनी बिंदु के इर्द गिर्द जलस्तर मापा गया। जलस्तर घटने के बावजूद तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याएं बरकरार हैं।पहाड़ो और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पिछले कई दिनों से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही थी। जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार को चेतावनी बिंदु 112 मीटर पार कर गया था। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि मंगलवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर 112.010 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार को जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई और सुबह आठ बजे 111.950 मीटर पहुंच गया।इसके बाद शाम छह बजे 111.900 मीटर ही रह गया। चौबीस घंटे में 11 सेंटीमीटर जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। जलस्तर घटने के बावजूद गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला में रहने वाले लोगों की समस्याएं बरकरार हैं। यहां के लोगों को नावों से आना जाना पड़ रहा है।फतेहपुर चौरासी में गंगा के जलस्तर में स्थिरता होने के साथ-साथ गिरावट देखी जा रही है। इसके कारण ग्रामीण कुछ हद तक राहत की सांस लेते दिख रहे हैं। लेकिन अभी भी लोग भयभीत हैं। दर्जनों गांव के लोग घर छोड़ सुरक्षित स्थानों पर डेरा डाल चुके हैं। फिलहाल परिवार को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद अब लोग बचाव कार्य में लग गये हैं। वहीं गंजमुरादाबाद में सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो जाने से किसानों के माथे पर चिता की लकीरे हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार उफना रही गंगा का जलस्तर फिलहाल निचले इलाकों में कम हो रहा है। गहरपुरवा आदि गांवों के पास भूभाग में पानी ही भरा नजर आ रहा है। हालांकि इसके बाद भी लोगों की मुसीबत अभी कम नहीं हुई हैं।

## युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर ले गया युवक दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार की चौकी भगवंतनगर अन्तर्गत एक गाँव से युवक गैर समुदाय की लड़की को भगा ले गया। पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

भगवंतनगर चौकी के एक गाँव से पिता ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी लड़की 20 वर्ष को गैर समुदाय के सूरज पुत्र श्यामलाल पासी ग्राम सीतारामपुर गोबिन्दपुर मीरा रायबरेली ने 12 जुलाई को अपने मक्कर जाल में फँसा कर भगा ले गया। मेरी लड़की उस लड़के के चाल में फसकर घर मे रखा 1.5 लाख रुपया नगद व सोने की 5 ग्राम की झुमकी अपने साथ लेकर चली गयी थी। पीड़ित पिता ने थाना बिहार में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व शिक्षक के निधन पर परिजनो को ढाढस दिलाने पहुंची पूर्व सांसद

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के कुसैला गांव निवासी पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय युधिष्ठिर सिंह के निधन उपरांत उनके घर पहुंच पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ सपा नेत्री अन्नू टंडन ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आदरणीय गुरु जी अपने जीवन में आदर्शों की मिशाल पेश की है.स्वयं के साथ साथ छात्रों को अनुशासित रख उन्हे शिक्षित किया है.उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षित हुए अनेक छात्र आज बड़े मुकाम हासिल कर चुके हैं.

टंडन ने कहा कि वाई सिंह के नाम से चर्चित थे तथा शिक्षक राजनीति में भी उन्होंने कभी पद का लालच नहीं किया जब संगठन द्वारा उनका नाम शिक्षक एम एल सी के लिए प्रस्तावित किया गया तो उन्होंने उसे अस्वीकार करते हुए संगठन व शिक्षको के हितों के लिए लंबे समय तक संघर्ष व कार्य किए. जहां प्रमुख रूप से श्री सिंह के पुत्र भाजपा नेता ज्ञानेंद्र कुमार सिंह समेत हिमांशु चौधरी,शिक्षक नेता शिव प्रताप सिंह,अजय बहादुर सिंह,मानवेंद्र तिवारी, मुफीस अहमद,मसरूर खां,ताजुद्दीन खां, आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के रसूलाबाद सफीपुर सम्पर्क मार्ग पर बुधवार रात सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दो युवक गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को गभींर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना की सूचना पर मृतक के परिजन रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से भाग निकला।

माखी थाना क्षेत्र के कोटरा गांव निवासी हिमांशु पुत्र बब्लू 30 बुआ के लडके उमेश पुत्र रमेश निवासी कस्बा रसूलाबाद के साथ खरगौरा गांव से वापस लौट रहा था अभी दोनों कूरेमऊ गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया जबकि गभीर रूप से घायल उमेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया मृतक दो भाइयों के बीच बड़ा था छोटा भाई अर्पित एक बहन प्रियांशी है मां धन्नेश्वरी बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित सफीपुर की ओर भाग निकला जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# अवैध असलहा समेत युवक का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ युवकों ने सोशल साइट पर असलहें के साथ रील बनाकर अपलोड की। जिसे कुछ लोगों ने वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने ही जिले के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर पुलिस युवक का पता लगाने में जुट गई है। बुधवार को सोशल साइट पर एक 27 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें तीन युवक अलग अलग वाहन (बाइक, स्कूटी) से एक साथ जाते हुए दिखाई दिए। जिसमें बीच में वाहन से चल रहे युवक की पीछे कमर में अवैध असलहा भी दिखाई दिया है। युवकों ने वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर दिया। किसी ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।वीडियो वायरल होने के बाद उन्नाव के पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और वीडियो की जांच पड़ताल कर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वीडियो अचलगंज क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक का बताया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना दैनिक हिंदी दैनिक अखबार अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता हैं।

वहीं अचलगंज थाना की पुलिस ने युवक का पता लगाने के लिए पुलिस कर्मियों को लगाया है। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है, युवकों का पता लगाया जा रहा है, उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक को बाइक से मारी टक्कर विरोध करने पर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। पश्चिमी चौकी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी सुंदरलाल तिवारी ने बताया कि 12 जुलाई को मोहल्ले में रहने वाले पंकज तिवारी ने उसे बाइक से टक्कर मार दी थी। जिसका उसने विरोध किया। जिस पर उसने और राजेन्द्र ने मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित ने गुरूवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## आवंटित भूमि पर दबंग नही होने दे रहे हैं कब्जा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बादीखेडा थाना पुरवा निवासी चन्द्रिका प्रसाद पुत्र गंगादीन ने कोतवाली मे तहरीर देते हुऐ बताया कि उसकी आवंटित भूमि संख्या 246 पूर्व मे आवंटित हुई थी लेकिन उस पर कब्जा नही मिला था जिसमे 10/7 को ए डी एम न्यायिक द्वारा क्षेत्रपाल को कब्जा दिलाने के लिऐ निर्देशित किया था जिस पर वह पत्नी संग मेड बन्दी कर रहा था तभी ग्राम गंगाखेडा निवासी प्रेम यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव मौके पर पहुँच कर जा बेजा गालियाँ बकने लगे और पीछे से आकर लाठी डन्डा से हमला कर दिया और धमकी दी कि अगर आवंटित भूमि मे दिखाई पडे तो जान से मार दूँगा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि संगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है

# अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौत

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर ग्राम मदार नगर के निकट बुधवार की देर शाम को एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी अभिषेक उर्फ भूरा 18 वर्ष पुत्र यासीन थाना बिल्हौर कानपुर स्थित मदार साहब की मजार पर माथा टेकने गया था। वह बाइक से वापस बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम मदार नगर के निकट बांगरमऊ से बिल्हौर की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अपने पुत्र का शव देख मां आसमां और पिता यासीन तथा भाई आदिल, आकिब, साहिल, तस्लीम व सहीम दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कंटेनर को कब्जे में ले लिया है।

## लूट का मामला पहुंचा पुलिस अधीक्षक की चौखट पर

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। लूट को लेकर पीड़ित ने तहरीर चौकी भगवंत नगर व थाना बिहार में दिया न्याय नही मिलने पर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय की फरियाद लगाई बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाबू खेड़ा निवासी संजू बाजपेई पुत्र उदय शंकर बाइपेई दिनांक 8 जुलाई 2024 को अपने घर से भदेवरा बाजार की तरफ जा रहे था कि रास्ते में बाजपेई भट्ठे के पहले बाइक से आकर तीन लड़कों ने कट्टा लगाकर 70000 रुपए लूट लिए जिसका तहरीर चौकी भगवंत नगर में दिया चौकी से न्याय नहीं पर पीड़ित थाने पहुंचा लेकिन थाने से भी संतोषजनक न्याय नहीं मिल सका जिसके कारण पीड़ित पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

## अवैध कच्ची शराब समेत एक युवक व दो महिला गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत आबकारी विभाग की टीम द्वारा दी गयी दबिश में तीन अभियुक्तो के पास से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।थाना बिहार के भगवंतनगर चौकी अन्तर्गत अकवारा गाँव मे बीघापुर सर्किल की आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने मय हमफोर्स मुखबिर की खास सूचना पर शुक्रवार को अकवारा गाँव मे छापा मारा। छापे के दौरान अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रही कान्ति पत्नी कल्लू निवासी के पास से 10 लीटर , शिव देवी पत्नी राजू 10 लीटर व राजू पुत्र स्वर्गीय जगदीश निवासी-ग्राम अकवारा के पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए तीनो अभियुक्तो की गिरफ्तारी करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग थाना बिहार में पंजीकृत किया गया।


# अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर ग्राम मदार नगर के निकट बुधवार की देर शाम को एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी अभिषेक उर्फ भूरा 18 वर्ष पुत्र यासीन थाना बिल्हौर कानपुर स्थित मदार साहब की मजार पर माथा टेकने गया था। वह बाइक से वापस बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम मदार नगर के निकट बांगरमऊ से बिल्हौर की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अपने पुत्र का शव देख मां आसमां और पिता यासीन तथा भाई आदिल, आकिब, साहिल, तस्लीम व सहीम दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कंटेनर को कब्जे में ले लिया है।


## परिसर में छात्र छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, के परिसर में जिलाधिकारी के द्वारा प्राप्त निदेशों के क्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। साथ ही साथ छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने द्वारा लगाए गए पौधों की भी देख-रेख करें। उक्त कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्रवक्ता शिल्पी सिंह, कोर्स को आर्डिनेटर पीयुष श्रीवास्तव, योजना के अध्यापक अनुपम सिंह, आकाश तिवारी, दीपांशु एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहें।

## बाढ़ का भरा पानी, निवासी हो रहे परेशान

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया है। जिस कारण यहां के रहने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ऐसे में वह लोग काम पर भी नहीं जा पा रहे हैं। जिसे देखते हुये गुरुवार को शासन की ओर से आई राहत सामग्री को बांटने के लिये सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे। जहां ओपीजेडी इंटर कॉलेज में बने बाढ़ राहत शिविर में उन्होंने 70 परिवारों को राहत सामग्री बांटी। जिसमें आटा, चावल, दाल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, सरसों का तेल, नमक, चना, गुड़, बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने का साबुन, आलू, लाइया, तिरपाल, जरीकेन राहत सामग्री बांटी। इस दौरान धीरज सिंह, लेखपाल, अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित, मनोज यादव, मनीष शुक्ला आदि तहसील अमला मौजूद रहा।

## बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध को बंदर ने काटा


अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के रग्घाखेडा गांव में गुरुवार दोपहर बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध को बंदर ने काट लिया। तबीयत बिगडने पर बहू ने एबूलेंस की मदद से जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।

माखी थाना क्षेत्र के रग्घाखेडा गांव के रहने वाले रामसेवक 80 पुत्र तेजा गुरुवार दोपहर अपनी बाग में आम की रखवाली कर रहे थे। इसी दरमियान बंदर ने हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन बहू सोनी ने उन्हें एंबुलेंस से उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां डाक्टर फैसल जुबेर ने उसे भर्ती कर फौरन उपचार देना शुरू कर दिया है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर युवक ले गया अपने साथ

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मुरैता प्राचीन निवासी रामासरे पुत्र शिवपियारे के मुताबिक बीती रात लगभग 10 बजे गांव का ही हर्षित पुत्र ओम प्रकाश शर्मा उसकी बेटी जावित्री 15 को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया।जिसकी काफी तलाश के बावजूद भी कहीं अता पता नहीं चल सका है।इस बाबत हर्षित के परिजनों से लड़की को ले जाने की बाबत पूछने पर गाली गलौज संग कुछ भी कर लेने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने तहरीर में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## सम्पादकीय

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-ूभाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दहाई दे रहे



## विश्लेषण

डॉ. एल. एस. यादव

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनोमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिषील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।

रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृश्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*– राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर


# चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति

अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं–या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है।



## ऑफ बीट

# जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर



काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक – अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत – नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं – और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं।

संक्षेप

## गमगीन माहौल में अकीदत के साथ मना मोहर्रम

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। सरहदी सीमा क्षेत्र रुपईडीहा में इमाम हुसैन को याद करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पूरी अकीदत और एहतराम के साथ गमगीन माहौल में मुहर्रम मनाया।इस सौहार्दपूर्ण मोहर्रम के त्यौहार के दासवीं के दिन कई सामाजिक संगठनों और सामाजिक लोगो ने करबला के रास्ते में सरबत पानी सहित बहुत सी चीजों को बांटने का पुण्य कार्य किया।या हुसैन के सदाओं के साथ लोग करबला की तरफ रवाना हुए।सामाजिक संगठन के पदाधिकारीयो ने लंगर की व्यवस्था के साथ साथ रुपईडीहा पत्रकार संघ के पत्रकारों की पगड़ीपोशी कर सम्मानित भी किया। साथ ही रुपईडीहा मोहर्रम इन्तजामियाँ कमेटी के द्वारा चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य,थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह,पूर्व प्रधान जुबेर अहमद फारूकी को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। मोहर्रम कार्यक्रम का संचालन करने वाले अब्दुल माजीद,रसूल अहमद,अब्दुल कुद्दूस,अनीश अहमद,मो० अतीक,मो० अनीस ने प्रशासन को शांतिपूर्ण मोहर्रम के समापन पर बधाई दी।इस जुलूस में सभी धर्मो के लोग अकीदत के साथ सामिल हुए जिसमे शांति कमेटी के अध्यक्ष कमल मदेशीय,रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय वर्मा संरक्षक शेरसिंह कसौधन,अंकित अग्रवाल,अमित मदेशिया सहित बहुत से बुद्धिजीवी वर्ग के लोग जुलूस के साथ साथ रहे।

## तालाब में युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में तालाब में उतराता हुआ शव मिला है। जब लोगों ने सुबह देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।मामला जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ऑक्सीजन पार्क के नवाब टैंक से सामने आया है। जहां पर आज सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तब उन्होंने तालाब में एक उतराता हुआ शव दिखाई दिया।उन्होंने तुरंत नजदीक जाकर देखा तो एक व्यक्ति का शव पानी में उतरा रहा था। तभी उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।वही सूचना के बाद पुलिस तत्काल प्रभाव से अधिकारियों सहित मौके पर पहुंची है।साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।शाकिब अली ने बताया की जब हम आज सुबह मॉर्निंग वाक करने के लिए आए तो देखा कि शव उतरा रहा था।कल प्रशासन ने तलाश की लेकिन शव नहीं मिला। आज सुबह शव उतराता हुआ मिला है।कोतवाली प्रभारी ने बताया की शव की शिनाख्त करने के लिए कुछ बॉडी को कुछ समय तक रखा जायेगा।

# रायबोझा में पांच करोड रुपए से बना पुल दूसरी बार हुआ क्षतिग्रस्त

**निर्माण के एक वर्ष के अंदर ही दो बार पुल हुआ क्षतिग्रस्त**

### बिहार के बाद अब यूपी में भी पुल निर्माण में हुए घोटाले आ रहे सामने

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्य बिहार में जहां कुछ ही दिनों में एक दर्जन पुल गिरकर ध्वस्त हो गए वहीं अब उत्तर प्रदेश में भी पुल के निर्माण में घोटाला सामने आ रहा है।5 करोड रुपए की लागत से निर्माण हुआ पुल महज कुछ ही महीने में क्षतिग्रस्त हो गया।पुल के क्षतिग्रस्त होने से लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि पुल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ हुआ है कमीशन खोरी के चक्कर में पुल के निर्माण में अनियमितता बरती गई जिससे पुल बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहा है। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अन्तर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर रायबोझा के निकट बनी पुलिया सितंबर 2022 में क्षतिग्रस्त हो गई थी जिससे जिला मुख्यालय का आवागमन बाधित हो गया था।इसके बाद क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर एनएच ने लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण करवाया। लेकिन पुल निर्माण के महज कुछ महीने बाद ही पुल के ऊपर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया ।पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने दोबारा पुल की मरम्मत करवाई और आवागमन सुचारू रूप से संचालित होने लगा लेकिन फिर कुछ महीने के बाद ही पुल का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी सूचना एन एच के अधिकारियों तक पहुंची। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग कर पुल का आधा रास्ता बंद करवा दिया है आधे रास्ते से ही आवागमन संचालित किया जा रहा है। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि पुल में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और यह पुल जल्द ही गिर जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान में एक पेड़ मां के नाम: निशंक त्रिपाठी

### वसुंधरा को हरा भरा रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने व बचाने की अपील

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। पयागपुर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने कैसरगंज के ग्राम इटहुवा मे 'एक पेड़, मां के नाम' पहल की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व का सम्मान करना है।निशंक त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं। इस पहल से पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और स्वच्छ वायु प्राप्त करने में मदद मिलेगी।निशंक त्रिपाठी ने अपने मां के नाम पर भी आम का पेड़ लगाया और लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय नागरिकों, बच्चों और वृद्धों ने इस पहल की सराहना की और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।'एक पेड़, मां के नाम' पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृत्व का सम्मान करने का भी एक विशेष माध्यम है।इस अवसर पर जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह,जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सत्य प्रकाश सिंह सत्या,ग्राम प्रधान रामू सिंह , मण्डल महामंत्री राम निवास निषाद, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष रवि सिंह पवांर, सेक्टर संयोजक प्रमोद सिंह व चंद्र वीर सिंह, देवेश सिंह सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख व चेयरमेन ने किया पौधरोपण



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक नवाबगंज कार्यालय परिसर बाबागंज में प्रमुख जेपी सिंह ने वृक्षारोपण किया। बृहस्पतिवार को हुए पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य भी शामिल रहे। इस दौरान सहजन, जामुन, अमरूद आदि प्रकार के पौधे रोपित किए गए।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वर्षों की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि वृक्ष लाखों रुपये की ऑक्सीजन हमें मुफ्त में प्रदान करते हैं जिससे वातावरण स्वच्छ बना रहता है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड शोषण कर ऑक्सीजन देते हैं।इस प्रकार वृक्ष हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में राजेश सिंह, विजय त्रिपाठी, देवेंद्र पाठक, दस्तगीर, बलवीर सिंह, बद्री सिंह, छेदा खां सहित स्थानीय पत्रकार शामिल हुए।

# बिजली व्यवस्था से परेशान नगर वासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील में मिहींपुरवा क्षेत्र में इन दोनों चाहे नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पड़ रही भीषण गर्मी में भी बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। ग्रामीण लगातार बिजली विभाग से शिकायत करते हैं लेकिन उनका कहीं समाधान नहीं हो रहा है।तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला नगर पंचायत में मिहींपुरवा में इन दिनों बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। नगरवासी भीषण गर्मी में परेशान है वहीं बिजली विभाग लगातार लाइन खराब होने तथा मरम्मती करण का कार्य होने की बात कहकर पलड़ा झाड़ लेता है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पता है।नगर वासियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत बिजली विभाग से की गई लेकिन बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। पीड़ित नगर वासियों ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय मिहींपुरवा पहुंचकर एसडीएम संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने की मांग की । ज्ञापन सौंपने वालों में जुगल पोरवाल गुंजन मिश्रा रामप्रताप हर्षित शुक्ला विवेक गुप्ता समेत दर्जनों नगर वासी शामिल रहे।

# कैसरगंज के संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा



### अव्यावहारिक ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में दिया इस्तीफा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विकास खंड कैसरगंज के सभी शिक्षक संकुलों ने त्यागपत्र दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा संकुल शिक्षकों का कहना है कि सरकार शिक्षकों की 31 उपार्जित अवकाश, 14 आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर तथा अध्ययन अवकाश, निःशुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, द्वितीय शनिवार अवकाश जैसी मांगी नहीं मान लेती है तब तक कोई भी संकुल शिक्षक अतिरिक्त प्रभार का उत्तरदायित्व निभाने में असमर्थ रहेगा। सामूहिक त्यागपत्र कार्यक्रम में सहित शिक्षक संगठनों के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शिक्षक संकुल प्रभात कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार राव, इन्द्रमोहन,प्रवीण कुमार, अकील अहमद, आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव, सगीर अन्सारी, पूनम गुप्ता, रफीक सिद्धीकी,पवन कुमार गुप्ता,अनिल कुमार सहित सभी शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

# भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में खाद की तस्करी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएओ

## जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

### भारत नेपाल सीमा पर खाद तस्करी रोकने की बनाई गई रणनीति

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगे विकासखंड मिहीपुरवा एवं एवं नवाबगंज क्षेत्र में उर्वरकों की सघन निगरानी एवं वितरण के संबंध में क्षेत्र के सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के साथ मिहींपुरवा के ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी संजय कुमार, एसएसबी 42 वी व,59 वी बटालियन के प्रतिनिधि, पुलिस क्षेत्राधिकारी, क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्ष जिसमें मोतीपुर रुपईडीहा नवाबगंज की उपस्थिति में जिला कृषि अधिकारी डाक्टर सुबेदार यादव एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा बैठक मिहीपुरवा ब्लॉक में सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी उर्वरक विक्रेताओं को नियमानुसार उर्वरक बिक्री करने एवं बॉर्डर के बाहर उर्वरक की बिक्री न करने के संबंध में निर्देशित किया गया और यह भी बताया गया यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा किसी भी प्रकार के उर्वरक की बिक्री बॉर्डर एरिया में की जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी उर्वरक विक्रेता सभी किसानों को उर्वरक की बिक्री आधार कार्ड से पीओएस मशीन के द्वारा खतौनी मिलान करते हुए ही करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। जिला कृषि अधिकारी द्वारा एसएसबी कमांडेंट सब एवं पुलिस को बॉर्डर एरिया में निगरानी रखते हुए उर्वरक बिक्री में शामिल अवांछित तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया। उप जिलाधिकारी संजय कुमार सहित पुलिस विभाग एसएसबी के अधिकारियों के साथ ही काफी संख्या में उर्वरक विक्रेता भी मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में पशु टीकाकरण अभियान का आयोजन

**प्रचार वाहन को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी, कहा – टीम सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में टीकाकरण कार्य करेगी**

अमन लेखनी समाचार




सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण योजना अंतर्गत चतुर्थ चरण खुरपका मुंहपका रोग का टीकाकरण अभियान के प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट से डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम डॉ. राजागणपति आर ने बताया कि यह टीम सर्वप्रथम जनपद के सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में टीकाकरण कार्य करेगी तदोपरांत शेष बचे ग्रामों में टीकाकरण कार्य रोस्टर के अनुसार किया जाएगा। जनपद के सभी नोडल अधिकारियों एवं उनके साथ लगे टीमों में कर्मचारियों को सभी पशुओं को 2 उस डीप इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद के 280016 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग के टीके से आच्छादित किया जाएगा। निदेशालय पशुपालन विभाग द्वारा 253000 डोज जनपद को आवंटित किया गया है।जिसको जनपद के सभी विकास खण्डो को लक्ष्य के अनुसार वितरण किया जा चुका है। प्रत्येक विकासखंड में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर टीम का गठन भी कर दिया गया है।एक टीम में चार सदस्यों को रखा गया है। खुरपका मुंहपका रोग एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से गाय, भैंस, भेड़,बकरी और सूअर जैसे पालतू पशुओं को प्रभावित करता है। यह रोग पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता पर गहरा प्रभाव डालता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।खुर पका मुंह पका रोग के लक्षण प्रारंभिक चरण में पशुओं को बुखार आना तथा बाद मे पशुओं के मुंह, जीभ, मसूड़े, थन एवं खुरों पर छाले व फफोले बन जाते हैं तथा मुंह में छाले पड़ने से पशुओं को लार अधिक टपकने लगती है, पशु लंगड़ाने भी लगता है और पशु खाना पीना छोड़ देता है। पशुओं में इस रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय नियमित टीकाकरण कराना है।तथा इस रोग से संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना चाहिए। इस रोग से बचाव हेतु विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।

# सिद्धार्थनगर में विधायक ने बाढ़-पीड़ितों में वितरित किया राहत सामग्री

**एसडीएम बोले–बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, लोगों को नही होगी कोई दिक्कत**

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इससे बाढ़ ने भयंकर रूप ले लिया है। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। वहीं बाढ़ का पानी बढ़ता देख प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जनप्रतिनिधि लगातार बाढ़ का जायजा भी ले रहे। वहीं नौगढ़ तहसील के अंतर्गत उसका ब्लॉक में दर्जनों गांव मैरूंड हो चुके है। जिससे लोगो का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही ने भलुहा गांव और लाऊखाई में बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरण किया है। कपिलवस्तु के विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि योगी सरकार में लगातार बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही संवेदनशील है। हर एक जिला में डीएम से बात करके बाढ़ का जायजा ले रहे है। कहा की बाढ़ पीड़ितों के लिए लगातार लंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

# जिले को आवंटित हुआ इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन

## यातायात नियमों को लागू कराने में होगी सुविधा




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्पीड गन, प्रदूषण जांच, एनीलाइजर मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन को एम.एल.सी. पदम सेन चौधरी ने परिवहन कार्यालय, बहराइच से हरी झण्डी दिखाकर प्रवर्तन कार्य के लिए रवाना किया। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, प्रधान सहायक अतीक उल्ला खान, कनिष्ठ सहायक अमित कुमार तिवारी व शिव शंकर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश के परिवहन आयुक्त द्वारा जनपद को आवंटित किये गये इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन की मदद से यातायात नियमों का पालन कराने तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में सुविधा होगी।

# अमरोहा में युवक को पेड़ से बांधा

**नशे में बच्चों को मार रहा था ब्लेड, खुद पर भी ईंट से कर रहा था हमला; पुलिस ने छुड़ाया**

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में शराब पीने की लत से परेशान परिवार के लोगों ने युवक को तालिबानी सजा दे डाली। उसे रस्सी के सहारे पेड़ से बांध दिया। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया।वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने फौरन गांव पहुंचकर उसे छुड़ाया और परिवार के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। मामला देहात थाना इलाके के गांव रायपुर खुर्द का है। रायपुर खुर्द में किसान का परिवार रहता है। परिवार का ही एक युवक नशे का आदी है। जिसके चलते उसे घर से निकाल दिया। उसकी पत्नी भी छोड़ कर चली गई। लेकिन युवक नशे में धुत होकर परिवार के लोगों को परेशान करता है।गांव के लोगों ने बताया कि वो कभी ईंट से हमला करता है तो कभी ब्लेड से।बीते शनिवार को भी नशे में धुत युवक ने परिवार के ही बच्चों पर ब्लेड से हमला करने की कोशिश की।जब बच्चों के परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी घर के बाहर बैठकर खुद को ही ब्लेड मारकर जख्मी करने की कोशिश करने लगा। इतना ही नहीं नशेड़ी युवक ने ईंट से अपने ही सिर पर वार कर लिया।गांव के लोगों ने काफी समझाने की कोशिश की तो युवक ईंट मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान किसी तरह परिवार के सदस्यों ने युवक को कब्जे में करके पेड़ से रस्सी से बांध दिया। लेकिन किसी ने पेड़ से बंधे युवक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो पुलिस के उच्च अधिकारियों पर पहुंचा तो तुरंत जांच बैठाई गई।

# संक्षेप

## मुकदमा सुलह करने से इंकार करने पर पीटा , केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के भरपूरवा निवासी पप्पू बेलदार पुत्र स्व महेंद्र प्रसाद और मल्लू के बीच मुकदमा चल रहा है। जो कोर्ट में विचाराधीन है उसी बात को लेकर मंगलवार को सुबह 7 बजे विपक्ष मुकदमा सुलह करने का दबाव बना रहे थे।इंकार करने पर एकराय होकर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए बीच बचाव करने पहुंची मां उर्मिला देवी,बहन संगम,साधना, चचेरी बहन संजना,पत्नी मंजू देवी को भी पीटकर घायल कर दिए। पुलिस आरोपी मल्लू, कोईल, निरहू,सोमई, जियावन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## रास्ते में रोक कर बदतमीजी, विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र सुरगहना निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राजकुमार अपने घर जा रहा था। बाहिलपार के पास रास्ते में एक व्यक्ति साइकिल लेकर गिरा हुआ था। उसे उठाने लगा तो बाहिलपार निवासी कुछ मनबढ़ रास्ते में रोक कर बदतमीजी करने लगे। जिसका विरोध किया तो आरोपी गांव के कुछ और लोगो को बुला लिया। और लात घुसो से पिटना शुरू कर दिए। बीच बचाव करने पहुंचा करने पहुंचा मित्र राजशेखर निवासी माधवोपुर को देख आरोपी दर्जन की संख्या में जुट गए। और लाठी डंडा रॉड और धारदार हथियार से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस विवेक,गोपाल,दिलीप तथा अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## यूपी पुलिस की तैयारी कर रहे युवक का सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में यूपी पुलिस की तैयारी कर रहे युवक ने सुसाइड कर लिया। रविवार को युवक का शव कमरे में पंखे पर लटका मिला। युवक के गले में पंखे में फंसी बेडशीट में बेल्ट बांधकर फंदा लगा था। कमरे में एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें युवक ने अपनी मर्जी से आत्महत्या की बात लिखी है। मोबाइल के मैसेज बॉक्स में लिखा है कि प्यार में कैसे मरा जाता है ये मैं बताता हूं...पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गंगानगर के अम्हेड़ा रोड पर गली नंबर तीन में अभिषेक एक महीने से किराए पर रह रहा था। वह यूपी पुलिस के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मकान मालिक ने अभिषेक का शव लटका देखा। इसके बाद पुलिस को बुलाया। पिता अजब सिंह गुर्जर और परिवार के लोग थाना फलावदा के मंदावड़ी में रहते है। मौके पर पहुंची गंगानगर थाना पुलिस ने शव को पंखे से उतारा।

# गोंडा ट्रेन हादसे में रेलवे लाइन में लापरवाही और भ्रष्टाचार का खुलासा, कड़ी जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गोंडा के पास झिलाही रेलवे स्टेशन के समीप चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें कई डिब्बे पलट गए।इस हादसे में 4 लोगों की मौत और कई घायल होने की खबर है।इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य ए के सिंह ने रेलवे लाइन निर्माण और रखरखाव में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का खुलासा किया है।ट्रैक निर्माण और रखरखाव में इस्तेमाल होने वाली सामग्री घटिया स्तर की है। मिट्टी का कम्पैक्सन ठीक से नहीं हो रहा है, जिसके कारण पटरी कमजोर हो जाती है।ब्लैंकेटिंग मटेरियल में भी घटिया किस्म की रेत और बजरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। गिट्टी की आपूर्ति मानक के अनुरूप नहीं हो रही है और घटिया क्वालिटी के कंक्रीट स्लीपर लगाए जा रहे हैं।सिंह ने आरोप लगाया है कि ट्रैक निर्माण और रखरखाव में इस्तेमाल होने वाली सामग्री घटिया स्तर की है। मिट्टी का कम्पैक्सन ठीक से नहीं हो रहा है, जिसके कारण पटरी कमजोर हो जाती है। ब्लैंकेटिंग मटेरियल में भी घटिया किस्म की रेत और बजरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। गिट्टी की आपूर्ति मानक के अनुरूप नहीं हो रही है और घटिया क्वालिटी के कंक्रीट स्लीपर लगाए जा रहे हैं। ट्रैक का रखरखाव आउटसोर्सिंग द्वारा किया जा रहा है, जिसके कारण ठेकेदार अनट्रेंड मजदूरों को काम पर लगा रहे हैं।पहले यह काम कुशल मजदूरों द्वारा कराया जाता था।जिन इंजीनियरों के पास रूटीन निरीक्षण का जिम्मा है, वे लापरवाह हैं।फुट प्लेटिंग करने वाले अधिकारी इंजन की जगह वातानुकूलित डिब्बों में बैठकर खानापूर्ति करते हैं। यदि वे इंजन में बैठकर निरीक्षण करते तो शायद हादसे को टाला जा सकता था।सिंह ने रेलवे से इस हादसे की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।उन्होंने कहा है कि रेलवे की सुरक्षा और यात्रियों के बहुमूल्य जीवन के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।इस हादसे से रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही की एक बार फिर तस्वीर उभरकर सामने आई है। यह जरूरी है कि इस हादसे की गहन जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही रेलवे लाइन निर्माण और रखरखाव में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# मेड काटने का विरोध करने पर मनबढ़ो ने घर में घुसकर पीटा, पांच लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड में बुधवार को सुबह 6 बजे के करीब मेड काटने का विरोध करने पर मनबढ़ो ने पीड़ित के घर में घुसकर पीट दिया। जिसमें पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित न आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से बेलाउती देवी पत्नी नंद गोपाल और प्रदुम्मन के बीच मंगलवार की शाम में मेड काटने को लेकर विवाद हुआ था। रात्रि में मामला शांत हो गया था।सुबह 6 बजे प्रद्युम्मन सिंह का पक्ष फिर मेड काट रहा था। जिसका पहला पक्ष ने विरोध किया तो मनबढ़ लाठी डंडा और कुदाल से लैस होकर घर पर चढ़ और घर घुसकर जो भी परिजन मिला उसे पीटकर घायल कर दिया।घायलों में विंदा देवी पुत्री स्व नंद गोपाल सिंह,22 वर्ष,सत्यभामा सिंह 25 वर्ष,शिवम सिंह 22 वर्ष, बेलाउती देवी 60 वर्ष,पवन कुमार सिंह 20 वर्ष है। घायलों का इलाज सीएचसी सहजनवा में चल रहा था। जिसमे सत्यभामा, बेलाऊती देवी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज पिपरौली रूपेश पॉल ने कहा की सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# किशोरी के अपहरणकर्ता का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत एक गांव की एक किशोरी को 10 जुलाई की रात 8 बजे के करीब गांव के ही एक युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था, काफी खोजबीन करने के बाद जब किशोरी नहीं मिली तो किशोरी की मां ने थाने में नामजद तहरीर देकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी, कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने हमराही सिपाहियों के साथ सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी के पास से 8 बजे के करीब किशोरी सहित युवक को गिरफतार कर लिया, गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में अपना नाम शहनवाज पुत्र इस्माइल अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी मियां पकड़ी थाना हरपुर-बुदहट बताया।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त शहनवाज पुत्र इस्माइल अंसारी को विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया।




# अखिल भारतीय प्रधान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एकला मंदिर के पास 17 जुलाई को दो महिलाओ के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संघ अध्यक्ष पिपरौल मनीष पांडेय ने उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौप कर मामले का जल्द खुलासा कराने की मांग किया है।इनकी मांग है की एकला मंदिर के पास 17 जुलाई को दो महिलाओ के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाय।ऐसी घटना होने से जनमानस में अशांति का माहौल व्याप्त है।संगठन की मांग है की मामले का जल्द खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कारवाई की जाय। इस दौरान सीओ गीडा अनुराग सिंह नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय,मौजूद थे।

## रंगदारी नहीं देने पर हिस्ट्रीशीटर दे रहा जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा में स्थित एक स्क्रैप व्यापारी से एक हिस्ट्रीशीटर रंगदारी मांग रहा है नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।एसएसपी से शिकायत कर व्यापारी ने न्याय की गुहार लगाई है।बेलीपार थाना क्षेत्र के भौवापार निवासी कमलेश गुप्ता स्क्रैप के व्यापारी हैं और गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा चौराहा पर दुकान संचालित करते हैं।आरोप है कि बेलीपार थाना क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर आए दिन रंगदारी मांगता है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता है।पीड़ित का आरोप है कि पिछले वर्ष दुकान में आरोपित ने तोड़फोड़ किया, जिसका केस दर्ज हुआ लेकिन विवेचना में धाराएं हटा दी गई। आरोप है कि 16 जुलाई की सुबह दुकान पर आकर रंगदारी मांगने लगा और विरोध करने पर गाली देते जान से मारने की धमकी दिया।सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने जल्दबाजी में किया अंतिम संस्कार


अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा रमवापुर में 37 वर्षीय राजकुमार पुत्र राम जन्म नामक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बिना पुलिस को सूचित किए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे मामले में कई सवाल उठ रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, राजकुमार बृहस्पतिवार को पीपीगंज में मजदूरी करने गया था।सुबह से ही वह शराब पीकर प्रभा हाल चौराहे के बगल में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था।जब राहगीरों ने उसे देखा तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं होने पर उन्होंने परिजनों को सूचित किया।परिजनों ने बताया कि राजकुमार के चार बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी की शादी 4 दिन पहले ही हुई थी।मृतक की पत्नी रसोईया का काम करती है।

# सड़क पर टहल रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अनन्तपुर टोला जिगीना निवासी विरेन्द्र यादव पुत्र मुक्ति नाथ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ सड़क पर टहल रही भाभी

दुर्गावती पत्नी सुदामा को ठोकर मारकर घायल करने का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस बाइक सवार युवक की तलाश में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र के विरेन्द्र यादव पुत्र मुक्ति नाथ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 जुलाई को रात 9 बजे के करीब मेरी भाभी दुर्गावती पत्नी सुदामा सड़क पर टहल रही थी उसी समय तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार युवक ने भाभी दुर्गावती देवी को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी और पैर फैक्कर के साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गई, भाभी को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक बाइक छोड़ कर भाग गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि विरेन्द्र यादव की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ धारा 281,125 ए, 125 बी,117 भारतीय न्याय संहिता दर्ज कर बाइक सवार युवक की तलाश की जा रही है।

# बलरामपुर में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना प्रदर्शन

## डीएम को ज्ञापन सौंपकर समास्याओं से कराया अवगत, गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

अमन लेखनी समाचार




बलरामपुर, बलरामपुर के संकरनगर पचपकड़ी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना देते हुए डीएम को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने डीएम से समस्या निदान करवाने की मांग की है। संकर नगर पचपकड़ी के ग्रामीणों ने अधिकारियों पर ग्राम में ध्यान न देने का आरोप लगाया है।मामला बलरामपुर के विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम संकरनगर पचपकड़ी का है।जहां के दो दर्जन ग्रामीणों ने बलरामपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया है। डीएम पवन अग्रवाल को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव में सड़क पानी सहित मूलभूत सुविधाओं की कमी है।जिसके चलते हम लोगो को काफी दिक्कत हो रही है।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलभराव की स्थिति है। जिसके चलते गांव में पानी भरा हुआ है। संकरनगर के आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए समस्या निदान की मांग की है।गांव में बारिश से जलभराव हो गया है।साफ-सफाई न होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है।जिसके चलते ग्रामीणों ने समस्या निदान करवाने की मांग की है।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव तक बड़े वाहन नही पहुंच पाते है।जिसके चलते लोगो को काफी दिक्कत होती है।यदि किसी का रात में तबियत खराब हो जाए, तो ले जाने के लिए साधन नहीं मिलता है। क्योंकि यहां तक कोई साधन नहीं पहुंच सकता है। हम लोगों को 1 किमी के बाद ही कोई बड़ा वाहन मिलता है। जिसके चलते ग्रामवासियों को काफी दिक्कत हो रही है।लोगो को हादसा का डर बना रहता है। वहीं मामले पर जानकारी देते हुए सत्यपाल सिंह, कमलेश, रामदेव, कन्हैया लाल, सनोज तिवारी, साबिर अली, जगराम, मेहंदी, मनोज पासवान, मन्नान खान, राजू, काशीराम, अगनू गुप्ता, लाल बच्चा दूबे, मेवालाल, शहंशाह, पृथ्वीराज सिंह आदि लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और ब्लॉक स्तर पर शिकायत की गई है।लेकिन अभी कुछ काम नहीं हो पाया है।यहां के ग्राम प्रधान और सचिव भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्राम प्रधान हमारे गांव के ही हैं लेकिन कोई विकास नहीं किए हैं।हम गांव वाले चाहे कितनी भी शिकायत करें लेकिन कुछ नहीं होता है।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, के दौरान सीएमएस कार्यालय, जनरल वार्ड, पार्किंग, पर्चा काउंटर, ड्यूटी रजिस्टर, दवा वितरण काउंटर आदि को देखा।उन्होंने अस्पताल परिसर में साफझ्रसफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर, सफाई कराने वाली संस्था का एक दिन का पारिश्रमिक भुगतान रोकने के निर्देश संबंधित को दिए, साथ ही कहा कि अस्पताल परिसर में साफझ्रसफाई का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि मरीजों को बाहर की दवाएं किसी भी हाल में न लिखी जाय ।वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत करते हुए कुशलक्षेम जाना ।उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक/स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय तक मरीजों को देखे और उनको बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या न होने दे इसका समय से निराकरण करे।दवा काउंटर में लम्बी लाइने, गर्मी को देखते हुए आवश्यकतानुसार काउंटर, पंखे, कूलर बढ़ाने के निर्देश संबंधितो को दिए। इस अवसर पर विधायक अयाहशाह विकास गुप्ता, जिलाधिकारी सी०इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कस्बे में लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिन्दकी, फतेहपुर।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत चाय पी कर वापस आ रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे अनियंत्रित लोडर ने जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। आसपास के लोगो ने दोनो घायलो को अस्पताल मे भरती कराया। चिकित्सक ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला महाजनी गली निवासी 50 वर्षीय विनोद द्विवेदी मुगल रोड स्थित पावर हॉउस के समीप चाय पीने गये थे। वही पर सेलावन गाव निवासी 35 वर्षीय सतीश चंद्र वर्मा मिल गये।दोनो लोग चाय पीने के बाद बाइक से नगर आ रहे थे।तभी ईदगाह से पास सामने से आ रहे तेज रफ़्तार लोडर जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया।सड़क मे पड़े दोनो घायलो को आसपास के लोगो ने अस्पताल मे भर्ती कराया।जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुँच गये।चिकित्स्क ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।सीसीटीवी फुटेज मे लोडर दिख रही है।जल्द चालक व लोडर को पकड़ लिया जाएगा। बताया गया है कि चालक सरकंडी के पास लोडर खडाकर फरार हो गया है।



# सड़क पर जलभराव, खुद पानी हटाने को लोग मजबूर

- मेरठ रोडवेज बस अड्डे के पास हाल बेहाल, अफसर नहीं लेते सुध

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के भैंसाली रोडवेज बस अड्डे के पास सड़क पर हुए जलभराव में जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह कि लोग खुद वाइपर लेकर सड़क का पानी निकाल रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ यहां खड़े होने वाले ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि अफसर, कर्मचारी कभी यहां देखने नहीं आते। हमें अपनी रोजी, रोटी इसी स्टैंड से चलानी है।इसलिए सड़क पर भरा पानी हम खुद ही साफ करते हैं। आती जाती सवारी हमसे सवाल पूछती है कि ये काम तो सरकारी कर्मचारियों का है, जनता को सुविधा मिलना चाहिए। लेकिन विभाग यहां देखना तो दूर झांकने तक नहीं आता।इसलिए हर बार बारिश में वाइपर लेकर हम लोग ही सड़क से पानी निकालते हैं। लोगों ने बताया- रैपिड रेल कॉरिडोर निर्माण के कारण यहां पूरा रास्ता खराब हो चुका है।नाले के सफाई नहीं होने से थोड़ी बरसात में भी सड़क पर पानी भर जाता है। इससे सवारियों को दिक्कत होती है। शमशुद्दीन ने बताया- रोडवेज के पास थोड़ी सी बारिश में ही पानी भर जाता है, यहां हमारा रिक्शा स्टैंड है सवारियों को उतारना, बैठाना पड़ता है।लेकिन पानी भरने के चलते सवारी को परेशानी होती है। इसकी वजह से हमारा धंधा भी चौपट हो जाता है।

## संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत वा सदस्य वार्ड के नामांकन पत्र बिक्री का कार्य शुरू

**अमन लेखनी समाचार**

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के भोली ग्राम पंचायत के दस वार्ड सदस्य के निर्वाचन के लिए तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या बीस के निर्वाचन के नामांकन पत्र बिक्री का कार्य ब्लाक में शुरू हो गया है। क्षेत्र के भोली ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए नामांकन पत्र बिक्री का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत में दस पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज सदस्य पद के लिए दस नामांकन पत्र की बिक्री की गई है। वही क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या बीस जल्ला, जखेला के रिक्त पद के लिए चुनाव संपन्न होना है। यह सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इस सीट से जखेला गांव निवासी संजय यादव बी डी सी सदस्य थे। उनके निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई हैं। इसके लिए आज कोई नामांकन पत्र बिक्री नहीं हुई है। बाईस जुलाई से नामांकन पत्र दाखिल किए जायेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर रामशंकर पटेल बनाए गए हैं।

### मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी राहुल पुत्र छोटेलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात पड़ोस में शादी का कार्यक्रम था। रात्रि आठ बजे घर शादी में शामिल होने के लिए घर से निकल कर जा रहा था। तभी गांव निवासी बबलू पुत्र लल्लू व बउआ पुत्र देवलाल ने गाली गलौज करने लगे मना करने पर दोनो ने मारपीट किया जिससे सिर पर चोट आई है। शोर सुनकर लोग आए तो दोनो जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0) निशा अनंत ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना के अनुपालन में जनपद के सम्बन्धित विकास खण्डों में ग्राम पंचायतों के सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न होने पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया है।इस क्रम में उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 22 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 23 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापसी 24 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन 24 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान 06 अगस्त को प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक तथा मतगणना 08 अगस्त को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया उल्लिखित समय सारिणी के अनुसार ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 13 विकास खण्डों क्रमशः सिंहपुर के ग्राम पंचायत खानापुर चपरा वार्ड 02 में महिला पिछड़ा वर्ग, पेड़रिया वार्ड 09 में पिछड़ा वर्ग, रस्तामऊ वार्ड 13 में अनारक्षित, कुकहारामपुर वार्ड 08 में महिला पिछड़ा वर्ग, रतवलिया मंझार वार्ड 11 में अनुसूचित जाति व खारा वार्ड 14 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-भादर के ग्राम पंचायत वासुदेवपुर वार्ड 09 में पिछड़ा वर्ग, त्रिसुण्डी वार्ड 15 व छीड़ा वार्ड 01 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-अमेठी के ग्राम पंचायत नरैनी वार्ड 04 एवं रायदेयपुर वार्ड 01 में अनराक्षित श्रेणी, वियसिया वार्ड 01 में महिला अनुसूचित जाति, भगनपुर वार्ड 03 में महिला श्रेणी, राजापुर कोहरा वार्ड 06, कटरामहरानी वार्ड 05 व डेहरा वार्ड 08 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-बाजार शुकुल के ग्राम पंचायत इक्काताजपुर वार्ड 06 में महिला श्रेणी व ब्योरेमऊ वार्ड 08 में अनुसूचित जाति श्रेणी, वि0ख0-जामों के ग्राम पंचायत भोंए वार्ड 11 एवं सिरखिरी वार्ड 02 में अनारक्षित श्रेणी, घोसियान वार्ड 03 में अनुसूचित जाति श्रेणी, घोसियान वार्ड 06 में महिला श्रेणी, बरेहटी वार्ड 05 एवं पूरे चितई वार्ड 06 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-शाहगढ़ के ग्राम पंचायत सेवई हेमगढ़ वार्ड 05 में अनुसूचित जाति श्रेणी, भनियापुर वार्ड 01 में अन्य पिछड़ा वर्ग, नोहरेपुर वार्ड 10 में अनुसूचित जाति, जलामा वार्ड 03 एवं कुशबैरा वार्ड 07 में अनराक्षित श्रेणी, वि0ख0-बहादुरपुर के ग्राम पंचायत निगोहा वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग व बघेल वार्ड 09 में अनुसूचित जाति, वि0ख0-गौरीगंज के ग्राम पंचायत बेनीपुर बलदेव वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग व बासूपुर वार्ड 01 में महिला श्रेणी, वि0ख0-तिलोई के ग्राम पंचायत अकबरपुरफर्शी वार्ड 09 में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अकबरपुरफर्शी वार्ड 12 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-जगदीशपुर के ग्राम पंचायत बाबूपुर सरैया वार्ड 03 में अनुसूचित जाति महिला श्रेणी, बढ़ौली वार्ड 04 में अनुसूचित जाति श्रेणी व मुबारकपुर वार्ड 11 में अन्य पिछड़ा वर्ग, वि0ख0-संग्रामपुर के ग्राम पंचायत शुकुलपुर वार्ड 07 में अनारक्षित श्रेणी, मिश्रौली वार्ड 07 में अनुसूचित जाति महिला श्रेणी, बनवीरपुर वार्ड 07 एवं कनू वार्ड 05 में अनराक्षित श्रेणी व तारापुर वार्ड 07 में अनुसूचित जाति एवं वि0ख0-भेंटुआ के ग्राम पंचायत सनहा वार्ड 02 में अनारक्षित श्रेणी तथा वि0ख0-मुसाफिरखाना के ग्राम पंचायत कस्थुनी पूरब वार्ड 07 में अनुसूचित जाति हेतु सार्वजनिक सूचना निर्गत के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा एवं उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 पंचायतराज (सदस्यों, प्रधानों और उप प्रधानों का निर्वाचन) नियमावली-1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त उप निर्वाचन में ग्राम पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने, उनकी जॉच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, प्रतीक आवंटन तथा मतगणना का कार्य व परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। इसके साथ ही उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## निशुल्क नेत्र एवं दंत शिविर में सैकड़ों मरीजों का किया परीक्षण

**कथा व्यास आकाश देव ठाकुर द्वारा डॉ० संदीप को शॉल उड़ाकर किया गया सम्मानित**

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

झाँसी। श्री भोलेनाथ खाती बाबा एवं सांई सेवा समिति मसीहा गंज के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आठवां वर्ष सांई पालकी एवं श्रीमद् भागवत कथा का 10 दिवसीय आयोजन सीपरी बाजार स्थित डॉ० अब्दुल कलाम पार्क में किया गया। यह कार्यक्रम 12 जुलाई से प्रारम्भ होकर 21 जुलाई को समाप्त होगा। 16 जुलाई को आयोजन अध्यक्ष अज्जू महरौलिया की पुत्री जान्हवी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य में 200 नेत्र रोगियों एवं 75 दंत रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। आगे के क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा कथा व्यास आकाश देव ठाकुर का माल्यार्पण एवं तिलक कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कथा व्यास द्वारा मुख्य अतिथि डॉ० संदीप को शॉल पहनाकर शुभाशीष दिया गया। इस अवसर पर रमा निरंजन एमएलसी एवं प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, श्याम बुधौलिया, पंडित दिनेश जोशी, बृजमोहन त्रिपाठी, सिंह साहब समाजसेवी, डॉ अशोक बजाज आदित्य, अनुराग, कल्पना मेम, अशोक चौधरी, नरेश मेहरौलिया, साधना द्विवेदी, माला निरंजन, कविता सूर्यवंशी, आशा, रेखा, रामजी मित्तल, प्रकाश साइकिल, बृजेंद्र साहू, डॉ. गौरव बजाज दंत रोग, डॉ. शुभांची जैन, डॉ.मनीष श्रीवास्तव, डॉ.रेखा गौतम, डॉ. निहारिका शाक्या, डॉ. जी एस अर्गल नेत्र रोग, डॉ.संजय गौतम नेत्र रोग एवं सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जंगल मे रात में महिला के रोने का वायरल वीडियो निकला झूठा

- साउंड इंजीनियरिंग और वीडियो एडिटिंग एप्प की मदद से तैयार किया गया लगता है वायरल वीडियो
- पुलिस ने कहा इस वैज्ञानिक युग मे अफवाहों और भ्रामक बातों का नही है कोई स्थान

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जनपद में बुधवार की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक महिला के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी और एक तश्वीर भी दिखाई दे रही थी। वायरल पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि यह वायरल वीडियो संग्रामपुर थाना क्षेत्र के गडेरी गांव के जंगल का है। देखते ही देखते यह वायरल वीडियो लोगों के बीच में फैल गया। सोशल मीडिया पर दावा किया जाने लगा कि रोज एक महिला की रोने को आवाज गडेरी गांव के समीप स्थित जंगल में सुनाई देती है। हालांकि जब वीडियो को ध्यान से देखा जाए तो कोई भी आसानी से जान सकता है कि वीडियो को एडिट किया गया है। जिसमे बैकग्राउंड साउंड इंजीनियरिंग और रोने की आवाज की मिक्सिंग किसी ऐप से की गई है। लेकिन ऐसी भ्रामक चीज समाज में तेजी से फैलती हैं। अमेठी पुलिस ने इस मामले में वीडियो बयान जारी कर वायरल वीडियो को असत्य बताया है और इस झूठी खबर पर ब्रेक लगाने का काम किया है। अमेठी सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक लल्लन सिंह ने बृहस्पतिवार को वीडियो बयान जारी कर इस वायरल वीडियो और खबर का खंडन किया। सीओ लल्लन सिंह ने कहा कि इस वैज्ञानिक युग में ऐसी भ्रामक बातों पर विश्वास करना और उनको प्रसारित करना गलत है। फिर भी मैंने जब बातें संज्ञान में आई तो एसएचओ संग्रामपुर को मौके पर ग्राम प्रधान के साथ भेजा तो यह बातें पूरे तरीके से असत्य और झूठी पाई गई। सीओ ने कहा कि इस प्रकार की असत्य और भ्रामक खबर से समाज पर अप्रत्याशित प्रभाव डालना गलत है। स्थानीयों से बात करने पर भी यह बात झूठी और असत्य पाई गई।

## पुलिस ने वाहन चोरो को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




जगदीशपुर अमेठी।चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार वाहन चोरो को धर दबोचा जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत जेल भेज दिया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज)थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित आमघाट के नजदीक आजाद नगर कट पर उ0नि0 दयाशंकर मिश्र थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय हमराह उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम मय हमराह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोरों का गिरोह जगदीशपुर की तरफ से अयोध्या की ओर जाने वाला है तत्पश्चात पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग लगाकर अपना काम शुरू कर दिया इसी दौरान थोडी देर बाद कुछ चार पहिया वाहन आते हुए दिखाई दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त चार पहिया वाहन सवार गाड़ी मोड़ कर भागने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेर कर हिकमते अमली से आजाद नगर के पास से पकड़ लिया गया तथा ड्राइविंग सीट पर बैठे स्कार्पियो सवार से पूछने पर अपना नाम रिंकू उर्फ ओम प्रकाश पुत्र रामनाथ यादव निवासी ग्राम भेला थाना सरपतहा जनपद जौनपुर और उसके बगल में बैठा व्यक्ति धीरज लोना पुत्र टुनटुन निवासी मगरसन कलां थाना करौंदी कलां जनपद सुल्तानपुर व बोलेरो चालक ने अपना नाम सिराज उर्फ सहनवाज पुत्र जुल्फिकार अहमद सिद्दीकी निवासी ग्राम अमगिलिया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ व पिकअप चालक ने अपना नाम शिव कुमार सिंह पुत्र अमरनाथ पटेल निवासी कछवां रोड पूरे गांव थाना मिजार्मुराद जनपद वाराणसी बताया।पिकअप वाहन को चेक किया गया तो उसके डाले से एक अन्य बोलेरो पिकअप मैक्सी डाला का कटा हुआ इंजन, लोहे की स्टेयरिंग, दो अदद सीट, एक अदद डीजल की टंकी, चार अदद स्टेपनी, एक गैस वेल्डिंग टंकी, एक अदद गैस कटर मय पाइप, एक अदद जनरेटर व सामान चढ़ाने-उतारने के लोहे का दो चैनल भी बरामद हुआ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध गैर जनपद मे चोरी समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं अभियुक्तो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा

**खराब रैकिंग पाए जाने पर डी0सी0एन0आर0एल0एम0 एवं परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के दिए निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी राहुल पांडे ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्योध्कार्यक्रमों की प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की , जिसमें खराब रैकिंग पाए जाने पर डी0सी0एन0आर0एल0एम0 एवं परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक मत्स्य के शासकीय योजनाओं में रूचि न लेने पर शासन को पत्राचार कारने के निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में खराब प्रगति होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए गए लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें । जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों यथा उद्योग विभाग ,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना ,पंचायती राज ,बेसिक शिक्षा, पशुपालन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार , पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

## लायंस क्लब के मीडिया प्रभारी बने अनिल गुप्ता

**लायंस क्लब का मीडिया प्रभारी बनने पर बागपत के लोगों ने दी अनिल गुप्ता को बधाई**

**अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली। लायंस क्लब दिल्ली पश्चिम विहार गोल्ड के बोर्ड की आम सभा और स्कूलिंग का कार्यक्रम होटल सिग्नेचर ग्रांड हरिनगर दिल्ली में सम्पन्न हुआ। लायंस क्लब के बोर्ड का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रारंभ होता हैं। स्कूलिंग अधिकारी लायन दिनेश दीपक जोशी पूर्व जनपद पाल ने सभी अधिकारियों को उनके दायित्व के बारे में बताया। उसके बाद क्लब प्रधान लायन कृष्ण जावला ने क्लब के द्वारा किये गए सेवा कार्यों के बारे में सभी बोर्ड को बताया। लायन अनिल गुप्ता इस क्लब से काफी सालों से जुड़े हुऐ हैं और सभी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देते हैं। उन्हें वर्ष 2024-25 के लिए लायंस क्लब के मीडिया प्रभारी की जिमेदारी दी गई हैं। अनिल गुप्ता मूल रूप से बागपत के निवासी है। उनके लायंस क्लब का मीडिया प्रभारी बनने पर उन्हें बागपत के लोगों ने भी बधाई दी है। आज की सभा में लायन भारत भूषण दुआ पूर्व जनपद पाल और मल्टीपल 321 के कोषाध्यक्ष, लायन धीरज जैन रीजन चेयरपर्सन, लायन प्रवीण कुमार क्लब सचिव, लायन ललित मुटरेजा, लायन अनिल गौतम, लायन प्रवीण कूलवाल, लायन मनीष साहनी एवं क्लब बोर्ड के कई सदस्यों उपस्थित हुए। सभी ने पूर्ण वर्ष प्रधान जी का साथ देने का वादा किया और अनुरोध किया कि क्लब समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## पचास लाख से अधिक की परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**




हमीरपुर।50 लाख से अधिक की परियोजनाओं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई ।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएए इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नई सड़कों का निर्माण तथा पुरानी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। जिन परियोजनाओं में संपूर्ण धनराशि मिल गई है उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी प्रकार की परियोजनाओं में धनराशि व्यय होने के बाद उसका उपभोग प्रमाण पत्र अवश्य दिया जाए । उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में जो धनराशि अवमुक्त की जा रही है उसके सापेक्ष भौतिक प्रगति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए ।ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें नियमानुसार समय से हैंडओवर करने की कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय हमीरपुर में अग्निशमन व्यवस्था का कार्य का उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित किये जाने के उपरान्त अवशेष धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में किये गये पत्राचार के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक, पर्यटन सूचना अधिकारी सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि /अधिशासी अभियंता तथा अन्य संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0) निशा अनंत ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना के अनुपालन में जनपद के सम्बन्धित विकास खण्डों में क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न होने पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने हेतु 22 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच हेतु 23 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने हेतु 24 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन हेतु 24 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान 06 अगस्त को प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक तथा मतगणना 08 अगस्त को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया उल्लिखित समय सारिणी के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त 04 विकास खण्डों क्रमशः जामों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सूखी बाजगढ़ वार्ड 01 से 06 तक अनारक्षित श्रेणी, क्षेत्र क्रमांक 79 अंगरवा वार्ड 01 से 11 तक व शाहपुर रेसी वार्ड 01 से 07 तक व क्षेत्र क्रमांक 45 वर्रा वार्ड 01 से 13 तक अनुसूचित जाति श्रेणी, विकास खण्ड तिलोई के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 54 आशापुर रूरू वार्ड 01 से 09 तक एवं विकास खण्ड सिंहपुर के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 30 गोयन वार्ड 01 से 11 तक व पेड़रिया वार्ड 06 से 11 तक महिला पिछड़ा वर्ग तथा विकास खण्ड बहादुरपुर के क्षेत्र क्रमांक 07 मुबारकपुर मुखेतिया वार्ड 01 से 12 तक अनारक्षित श्रेणी हेतु सार्वजनिक सूचना निर्गत के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा एवं उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली-1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त उप निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर सम्पन्न होने व सभी मतों की गणना एवं सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानों/पदों का निर्वाचन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर घोषित किये जाने के साथ ही उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## बिजरौल में मनाया गया बाबा शाहमल का 167 वां शहादत दिवस

**मुझे गर्व है कि मैं 1857 की क्रान्ति के महानायक बाबा शाहमल का वंशज हूँ जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया - चौधरी यशपाल सिंह - बाबा शाहमल के वंशज**

- बाबा शाहमल ने अंग्रेजों के विरूद्ध ऐसी लड़ाई लड़ी जिसने भारत ही नही इंगलैड़ तक अंग्रेजी हुकुमत को हिलाकर रख दिया था - पूर्व कमांड़ो रमेश फौजी - बाबा शाहमल के वंशज

**अमन लेखनी समाचार**



बागपत , जनपद बागपत के बिजरौल गांव में 1857 की क्रान्ति के महानायक बाबा शाहमल जी का 167 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बागपत लोकसभा सीट से सांसद डॉ राजकुमार सांगवान सहित अनेकों जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। बाबा शाहमल के चित्र पर व शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आयोजित रागिनी में बाबा शाहमल जी के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया और उनकी शौर्य गाथा को बताया गया। इस अवसर पर आयोजित हवन में सैंकड़ों लोगों ने बाबा शाहमल जी की आत्मा की शांति के लिए आहुति डाली और समस्त विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की। शहादत दिवस पर आयोजित ब्लड़ डोनेशन कैम्प में पीएसी 44वीं वाहनी हापुड़ रोड़ मेरठ के अंकित, अंकुर पंवार, विपुल पंवार सहित अनेकों लोगो ने देशहित में अपने रक्त का दान किया। रक्तदान करने वाले दानदाताओं को शिवाय चैरिटेबल ब्लड़ सेंटर बड़ौत द्वारा हैल्मेट उपहार स्वरूप प्रदान किये। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों द्वारा पौधे रोपे गये। शहादत दिवस पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। भजपा वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाज सेवी प्रवीण तोमर सिरसली ने बताया कि बाबा शाहमल जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है। बाबा शाहमल के वंशज चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि उनको गर्व है कि वह बाबा शाहमल के वंशज है जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। बाबा शाहमल के अन्य वंशज पूर्व कमांड़ो रमेश फौजी ने बताया कि बाबा शाहमल बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। बताया कि बाबा शाहमल ने अंग्रेजों के विरूद्ध ऐसी लड़ाई लड़ी जिसने भारत ही नही बल्कि इंगलैड़ तक अंग्रेजी हुकुमत को हिलाकर रख दिया था। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा अजय तोमर, पूर्व विधायक साहब सिंह, नेशनल अवार्ड़ी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, 44वीं वाहनी पीएसी के हैड़ कांस्टेबल रमेश चंद सोनकर, अरूण तोमर उर्फ बॉबी, किसान नेता नरेश टिकैत, समाज सेवी विक्रम राणा, सुभाष नैन, राजू तोमर सिरसली, शिवाय चेरिटेबल ब्लड़ सेंटर बड़ौत के दीपक शर्मा, साहिल मलिक, अमन, सूरज तोमर सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गांव में मेन रास्ते के खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी

**ग्रामीणों ने रास्ते का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के बचरौली गांव के अंदर मेन रास्ते के खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर रास्ता बनाए जाने की मांग की है।क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी नीरज सिंह फौजी,राम लखन सिंह फौजी ,शत्रुघ्न सिंह फौजी , नंदलाल, रामदास, सूरजपाल,लाल सिंह, हल्कू,लाल सिंह आदि ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि हमारे मोहल्ला से निकली मेन रास्ते पर कीचड़ भरा हुआ है। जिससे सड़क तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चो को विद्यालय जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। घर में कोई बीमार हो जाता है तो अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से कई बार की है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बरसात के मौसम में कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने रास्ते का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# क्या इंसानों को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क

कुछ समय पूर्व स्वाइन फीवर के कुछ मामले केरल में सामने आने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस रोग के इंसानों में फैलने का कितना रिस्क है?

अवेयरनेस



हाल में केरल के त्रिशूर जिले में सुअरों के बीच फैलने वाले अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। यह संक्रामक बीमारी पालतू और जंगली सुअर दोनों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि बीमारी फैलने को लेकर एलर्ट जारी कर दिया गया है लेकिन मामला सामने आने के बाद आस-पास के क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं।

**इंसानों में फैलने का रिस्क नहीं:** स्वाइन फीवर के मामले में राहत की बात यह है कि ब्रिटिश एग्रीकल्चर, एन्वॉयरनमेंट और रूरल अफेयर्स के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, स्वाइन फ्लू बीमारी से अलग तरह का रोग है और ये जूनोटिक नहीं है। यानी, यह सुअरों से इंसानों में नहीं फैलती है। लोगों के मन में जानवरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति भय रहता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बीमारियां हैं, जो इंसानों को प्रभावित कर सकती हैं? इन बीमारियों की चपेट में आने का किसे सबसे ज्यादा रिस्क है?

**जानवरों से फैलते हैं इंसानों में कई रोग:** कई जानवरों और इंसानों का सदियों से घनिष्ठ संबंध रहा है। हम सभी डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हर दिन किसी ना किसी तरह से जानवरों के संपर्क में आते ही हैं। दूध, दही, पनीर, अंडा या मांस जैसे सभी फूड आइटम्स पशुओं से ही प्राप्त किए जाते हैं। यानी हम सभी पशुओं के जरिए अपने भोजन का काफी हिस्सा प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन फूड आइटम्स में से अगर कुछ भी हम अपने नियमित आहार में शामिल करते हैं और अगर वो पशु किसी भी तरह के रोग से संक्रमित है तो ये हमें भी संक्रमित कर सकता है।



**ऐसे भी फैलता है संक्रमण:** पशुओं या पक्षियों के काटने, उनकी लार के संपर्क में आने से भी कई बीमारियां इंसानों में फैल सकती हैं। इसकी वजह बैक्टीरिया, वायरस, फंगई जैसे माइक्रोऑर्गेनिज्म होते हैं, जो विभिन्न जंतुओं के माध्यम से इंसानों में प्रवेश कर सकते हैं। इसे जूनोसिस कहा जाता है।

**क्या होती हैं जूनोटिक बीमारियां:** जंतुओं से इंसानों में होने वाली जूनोटिक बीमारियां, इंसानों में छोटी-मोटी समस्या पैदा करने से लेकर मृत्यु तक का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में एनिमल फ्लू, बर्ड फ्लू, कैट स्क्रैच फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, गियार्डियासिस, इबोला, लाइम डिजीज, हेपेटाइटिस ई, पैरट फीवर, मलेरिया, प्लेग, रेबीज, स्वाइन फ्लू और वेस्ट नील वायरस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** बताते हैं, 'जूनोटिक का अर्थ है, किसी भी माध्यम से जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारी। ये बीमारी छूने से, भोजन, पानी या हवा से या किसी अन्य वेक्टर के माध्यम से फैल सकती हैं। चिड़ियाघर में भी जूनोटिक बीमारियों के संक्रमण का खतरा हो सकता है। खेतों में काम कर रहे किसान और पशुपालन कर रहे लोग गोबर आदि के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे भी ये बीमारियां फैल सकती हैं। आमतौर पर जूनोटिक बीमारियां, किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन कुछ लोगों को इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें प्रेग्नेंट महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, एचआईवी से संक्रमित लोग, 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे, गंभीर बीमारियों का उपचार करा रहे लोग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग शामिल हैं।'

**बचाव-उपचार के तरीके:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन **डॉ. अरविंद अग्रवाल** के अनुसार, 'अगर किसी पालतू जानवर के संपर्क में आने से आपको चोट लगी है, जैसे किसी जानवर ने काट लिया है या उसके पंजे से खरोंच लगी है तो आपको जल्द-से-जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करें कि उस जानवर को सभी जरूरी वैक्सीन लगी है या नहीं? अगर किसी गैर पालतू जानवर ने आपको काट लिया है तब तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट कर जरूरी ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा अगर आपको किसी कीड़े ने काट लिया है और उसके बाद किसी तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बचाव के तौर पर जानवर के संपर्क में आने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं, पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही हर साल पशु चिकित्सक से उनकी जांच भी कराएं। जानवरों की बाइट और खरोंच से बचें, जानवरों से संपर्क के दौरान या उसके तुरंत बाद अपने मुंह और आंखों को ना छुएं। मच्छर और अन्य तरह के कीटों के काटने से बचाव के लिए कीट प्रतिरोधी लोशन या अन्य बचाव के तरीकों का उपयोग करें।' *

-हरिभूमि फीचर्स

---

सीजनल डिजीज

हालांकि बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें सबसे अधिक लोग मच्छर काटने से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होते हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्षों में डेंगू से पीड़ित पेशेंट्स की संख्या काफी बढ़ी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स विस्तार से बता रहे हैं, डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में।

# बारिश के मौसम में डेंगू की आशंका बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित



बारिश के मौसम में मच्छर पनपने के कारण मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू रोग होने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग कई प्रकार की लापरवाहियां करते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें इन मच्छर-जनित जानलेवा रोगों के रूप में भुगतना पड़ता है।

## क्या होता है डेंगू

डेंगू को आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी डेंगू वायरस के कारण होती है। अगर एडीज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तब इस वायरस के उस व्यक्ति में संक्रमण के कारण उसे डेंगू हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू होने के खतरे में है। अनुमान है कि पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 100-400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। ऐसे में बदलते मौसम के साथ डेंगू से सावधान रहना जरूरी है।

## डेंगू होने के कारण

डेंगू रोग के लिए चार वायरस जिम्मेदार होते हैं। इन्हें डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के नाम से जाने जाते हैं। ये वायरस एडीज मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह वायरस रक्त प्रवाह के जरिए पूरे शरीर में फैलता है और व्यक्ति डेंगू से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए आपको बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से बचकर रहना चाहिए।

## डेंगू के लक्षण

डेंगू से संक्रमित होने पर किस तरह के लक्षण दिखते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के प्रिंसिपल कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. दीपक गुप्ता** सलाह देते हैं कि डेंगू से बचाव के लिए इस रोग के लक्षणों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू के लक्षणों में सामान्य बुखार शामिल है। ऐसे में बुखार होने पर लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। हालांकि डेंगू में 104 डिग्री फारेनहाइट का बुखार होता है, जिसके साथ अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। जैसे जी मिचलाना, तेज सिर दर्द होना, हड्डियों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, आंखों के पीछे दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना आदि। अगर आपको या आपके किसी परिचित को इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर सामान्य बुखार आ रहा है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस मौसम में जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि बदन दर्द या सिर दर्द से राहत के लिए बिना डॉक्टर से पूछे किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा ना लें क्योंकि इससे प्लेटलेट काउंट में गिरावट हो सकती है।

## उपचार के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** कहते हैं, 'डेंगू के उपचार के लिए आपको समय पर डॉक्टर के पास पहुंचना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक प्रकार का वायरसजनित रोग होता है और इसके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय पर सही इलाज का आरंभ होना। डॉक्टर के पास पहुंचने पर डॉक्टर जांच करते हैं। जिसके बाद डेंगू की पुष्टि होने पर वह दवाइयों और इंजेक्शन के माध्यम से पेशेंट का इलाज करते हैं। इसमें गंभीर डिहाइड्रेशन जैसे मामलों में मरीज को आईवी ड्रिप भी दी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है, व्यक्ति का शरीर हाइड्रेट रहे क्योंकि ज्यादा उल्टी और तेज बुखार के दौरान बहुत नुकसान होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत आवश्यक होता है। इस दौरान मरीज को तरल पदार्थ के सेवन करने की सलाह दी जाती है और लगातार डॉक्टर के निगरानी में रहना चाहिए।'

## बचाव के उपाय

नारायणा हॉस्पिटल, आर. एन. टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में कंसल्टेंट-क्रिटिकल केयर, **डॉ. राकेश शर्मा** डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं, 'सबसे महत्वपूर्ण है आपको मच्छरों से खुद को बचाना, क्योंकि बारिश के मौसम में मच्छर पनपने की संभावना अधिक होती है और ऐसे में डेंगू के मच्छरों के काटने पर डेंगू हो जाता है। इसके लिए कुछ बातों पर अवश्य ध्यान दें। अपने घर के भीतर, छत पर या आस-पास ज्यादा दिन तक पानी को जमा ना होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपनी त्वचा को ढंक कर रखें, जिससे मच्छर काटने की संभावना बहुत ही कम हो जाए। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अधिक सक्रिय रहते हैं और इस समय आपको बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। शरीर के खुले भागों पर मच्छर रोधी (मॉस्कीटो रिपेलेंट) क्रीम जरूर लगाएं, जिससे आप मच्छरों के काटने से बच सकें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू से बचे रहें।' *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

---

प्रिकॉशन

# मानसून में डायबिटिक पेशेंट्स पैरों के अल्सर से रहें सावधान



डायबिटीज यानी मधुमेह के कारण मानसून के दौरान पैरों को गंभीर समस्या हो सकती है। दरअसल, मधुमेह पैरों में रक्त प्रवाह की मात्रा को कम करता हैं। पैरों में पर्याप्त रक्त प्रवाह ना होने से घाव या किसी प्रकार के संक्रमण को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। संक्रमण ठीक ना होने के कारण पैरों में गैंग्रीन होने का खतरा रहता है। भारत में लगभग 15 प्रतिशत मधुमेह मरीज, मानसून के दौरान लापरवाही की वजह से डायबिटीज फुट अल्सर से ग्रस्त हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और लगभग 25 मिलियन लोग प्री डायबिटीज स्टेज में हैं। लोगों की जीवनशैली को देखते हुए भविष्य में मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ने का रिस्क है। ऐसे पेशेंट्स के पैरों में अल्सर को लेकर भी अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के वेस्कुलर सर्जन **डॉ. जैसोम चोपड़ा** के अनुसार, 'डायबिटीज पेशेंट्स में मानसून के दौरान बढ़ी हुई नमी और गीले पैरों के कारण संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मानसून के दौरान डायबिटीज पेशेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना काफी जरूरी है। डायबिटीज पेशेंट्स को अपने पैरों की स्वच्छता को लेकर अवेयर रहना चाहिए। शुगर लेवल की नियमित जांच करवानी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए अधिकतर समय जूते पहनना चाहिए। अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखना चाहिए। संक्रमण होने पर घाव की साफ-सफाई, एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य विधियों से ट्रीटमेंट किया जाता है। गंभीर मामलों में संक्रमित टिश्यू को हटाने या रक्त प्रवाह को बढ़ाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।' *

---

मौसमी फल / राजकुमार 'दिनकर'

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



अन्य फलों की तरह आम भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आम केवल खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। आपको बाजार में खट्टे और मीठे आम मिलते हैं, जिनमें अलग-अलग पोषक तत्व पाए जाते हैं। आम में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जिस कारण यह खाने वाले को कैंसर और दिल संबंधित बीमारियों से बचाता है। आम की हर फांक में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को सही रखने में बड़ा लाभकारी होता है और यह शरीर में उन कंपाउंड को बनाता है, जो हमारे इम्यून सिस्टम को बढ़ाते हैं। हरे आम में मौजूद एसिड बाइल के सिक्रिशन में बढ़ोत्तरी करता है और यह आंत संबंधी परेशानियों के लिए एक प्रतिरोधक की तरह काम करता है।

**भरपूर पौष्टिक पके आम:** अगर आप पका हुआ आम खाते हैं तो इससे आपको अच्छी-खासी मात्रा में विटामिन ए मिलता है। वास्तव में दूसरे फलों के मुकाबले आम में सबसे ज्यादा बीटा केरोटिन पाया जाता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, नियासिन, आयरन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पके हुए मीठे आम कब्ज की रुकावट को दूर करने के लिए शरीर से ज्यादा फ्लूड बाहर निकालकर इस परेशानी को दूर करता है। मीठा आम किडनी को सही रखने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं मीठा आम हमारे खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाता है। आम में पाए जाने वाले फाइबर शरीर के लिए रेचक की तरह काम करते है और व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा देते है, जिससे आंत की गतिविधि में वृद्धि होती है। अगर आप दुबले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आप पके आमों को दूध में मिलाकर मिक्सी में शेक की तरह तैयार कर पी सकते हैं। यह आपको कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन देता है।

**कच्चा आम भी फायदेमंद:** हरे यानी कच्चे आम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा के पोर्स को साफ करके उसे चमकदार बनाता है और खून से जुड़ी स्कर्वी नामक बीमारी से बचाता है। यह आपको गर्मियों में होने वाली परेशानियों से भी दूर रखता है। पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आमचूर बहुत ही मददगार होता है। डायबिटीज को कम करने में आम की पत्तियां उपयोगी हो सकती हैं। सॉफ्ट और ताजी पत्तियां ना केवल डायबिटीज होने से बचाती हैं बल्कि डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। *

---

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'बादल पर पांव हैं' में आकाश आहूजा रजत के रोल में दिख रहे हैं। वे अपनी फिजिकल फिटनेस को लेकर बहुत कॉन्शस रहते हैं। क्या है, उनका फिटनेस फंडा, डिटेल में **हरिभूमि** को बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना

फिटनेस फंडा

आकाश आहूजा



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि आजकल के समय में हमारे खाने में बहुत सारी मिलावट होती है। और लाइफस्टाइल भी काफी डिस्टर्ब हो गई है। लोग जंक फूड बहुत खाते हैं, डेली रूटीन सही नहीं है। स्लीप और वेक साइकिल भी डिस्टर्ब है। इसलिए आज के समय में यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर अधिक ध्यान दें।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल मेरे पिता हैं। मेरे पापा शोतोकन कराटे में 7 बार के नेशनल चैंपियन हैं और मैंने भी इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। कह सकते हैं, फिजिकली फिट और स्ट्रॉन्ग रहने की इंस्पिरेशन मुझे अपने पापा जी से मिली है।

**फिट रहना-दिखना दोनों जरूरी:** मेरे लिए फिट फील करना सबसे जरूरी है क्योंकि स्ट्रॉन्ग फीलिंग से मुझे ताकत मिलती है। वैसे मेरे काम के हिसाब से मुझे फिट दिखना भी इंपॉर्टेंट है। जब हम लोग एब्स दिखाते हैं और वो 6 पैक फिजिक जो होती है, वो सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है। हम ज्यादा समय तक अपनी बॉडी को स्टफ नहीं कर सकते क्योंकि वो स्टारवेशन से आती है या बहुत कंट्रोल्ड डाइट से। अब उतनी कंट्रोल्ड डाइट ले पाना हमारे काम में बहुत मुश्किल है। रोल के डिमांड के अनुसार फिट दिखना तो जरूरी है, लेकिन पर्सनली मेरे लिए ज्यादा जरूरी है फिट महसूस करना।

**डेली डाइट प्लान:** मेरे लिए सबसे जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना। सुबह उठकर पानी जरूर पीता हूं। रात को सोने से पहले कोशिश रहती है कि तीन-चार घंटे का फास्टिंग हो। अधिक से अधिक न्यूट्रिशस डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल बहुत फ्लेक्सिबल रहता है। वैसे मैं बॉडी वेट एक्सरसाइसेस ज्यादा करता हूं तो मेरा रूटीन होता है कि पार्क में जाकर एक्सरसाइज करूं। मैं अपना वर्कआउट जिम से ज्यादा खुली हवा में करना पसंद करता हूं। जब भी मुझे समय मिलता है तो वर्कआउट कर लेता हूं। बिजी होने पर भी एक दिन से ज्यादा का गैप नहीं आने देता हूं अपने एक्सरसाइज शेड्यूल में, अगर जिम नहीं जा पा रहा हूं तो शूटिंग ब्रेक में सेट पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मुझे लगता है कि हम सबको डेली लाइफ में कोई ना कोई ऐसी हॉबी, कोई स्पोर्ट, कोई फिजिकल एक्सरसाइज जरूर अपनानी चाहिए, जो हमें फिट रखे।

**मेंटल फिटनेस:** सच तो यह है कि आज की तारीख में पूरी तरह मेंटली फिट तो कोई भी नहीं है। हम सबकी लाइफ में कोई ना कोई टेंशन रहती ही है। हम सबकी प्रॉब्लम्स हमारे लिए बहुत ज्यादा होती हैं, जिसके कारण हमें मेंटल प्रॉब्लम्स होती हैं। आजकल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, चाहे वो सोशल मीडिया हो या कोई ट्रेंड हो। जब हम अपने पर्पस से भटकते हैं तो हमारा माइंड स्टेबल नहीं रहता है। मैं कोशिश करता हूं कि अपने काम पर अधिक से अधिक फोकस करूं। इसके अलावा हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं, ताकि मेंटल टेंशन से बचा रहूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क


---

हेल्थ एडवाइस

संध्या सिंह

हर कोई हेल्दी और फिट रहना चाहता है। लेकिन उनमें से कुछ ही लोग इसके लिए जरूरी प्रयास करते हैं। हम आपको यहां कुछ आसान लेकिन प्रभावी सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

# हेल्दी-फिट रहने के ईजी-इफेक्टिव सीक्रेट्स



फिट रहना कठिन नहीं, बहुत आसान है, बशर्ते हम नियमित तौर पर कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। बजाय इसके कि दिन-रात फिट रहने के सपने देखें, उसके बारे में बहुत कुछ पढ़ें और सोचें, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ ना करें। तो आइए जानते हैं कि फिट रहने के ये छोटे-छोटे सीक्रेट क्या हैं?

**सुबह जल्दी उठें:** आपने सैकड़ों बार सुबह जल्दी उठने के फायदों के बारे में पढ़ा होगा, दर्जनों लोगों से सुना होगा, लेकिन खुद व्यक्तिगत रूप से कभी आजमाया नहीं होगा। अगर आजमाएंगे तो आप भी इसे सही मानने वालों में शामिल हो जाएंगे और दूसरों को फिट रहने के लिए आप भी उन्हें यह टिप्स देंगे। सुबह जल्दी उठें। इतना जल्दी नहीं कि इसके लिए बहुत अतिरिक्त प्रयास करना पड़े, जितने समय रोज जगते हैं, उससे बस 30 मिनट पहले जगना शुरू करें। जब यह आदत बन जाए तो इसमें 30 मिनट और जोड़ लें। इस तरह अगर हर दिन आप 1 घंटे पहले जगते हैं तो आप अपने फिट रहने के लिए खुद ही कई तरह के वर्कआउट करने लगेंगे। अगर कुछ नहीं करेंगे तो ऑफिस के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। अपने आज के काम के शेड्यूल की अच्छी सी तैयारी कर लेंगे। इस सबसे भी फिट रहने में मदद मिलती है।

**करें 25 मिनट की सैर:** सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन आजमाकर देखिए। यह छोटी-सी टिप्स आपकी सोच बदल देगी। भले आप फिट रहने के लिए किसी भी तरह का कोई उपाय ना करें, सिर्फ हर दिन सुबह 25 मिनट की सैर कर लें, तो आपकी फिटनेस का लेवल ठीक-ठाक हो जाएगा। सैर करने के कई फायदे हैं। सैर करने का मतलब सिर्फ कैलोरी बर्न करना ही नहीं है, जब हम सुबह सैर के लिए निकलते हैं, तो 5-10 मिनट में ही हमारा शरीर वॉक के लिए अनुकूल होने लगता है और धीरे-धीरे हमें वॉकिंग में आनंद आने लगता है। अगर हम 25 मिनट अच्छी तरह से वॉक कर लेते हैं तो हर दिन 9 से 10 हजार कदम चल लेते हैं। यह एक ऐसा व्यायाम है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है और अनेक फायदे हैं। इस 25 मिनट के वॉक से आप पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**एक घंटे का डिजिटल डिटॉक्स:** अगर आपकी भी लाइफस्टाइल में सुबह जगते ही फेसबुक के नोटिफिकेशन, रात और सुबह में आए व्हाट्सएप मैसेज और दूसरों की पोस्ट देखने की है, तो कम से कम सुबह के समय बहुत कड़ाई के साथ एक घंटे के लिए इस सब पर रोक लगा दें। अगर सुबह एक घंटे तक आपने मोबाइल फोन ऑन नहीं किया और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहे, फिट रहने के उपायों से दो-चार होते रहे, तो यकीन मानिए इसका असर आपको महसूस होने लगेगा। आज पूरी दुनिया की फिटनेस इंडस्ट्रीज मानती है कि मोबाइल फोन ने लोगों को बहुत ज्यादा आलसी बना दिया है। यह एक ऐसा नशा है, जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को अपनी गिरफ्त में ले लेता है, क्योंकि हम लगातार बैठे रहने के कारण निष्क्रिय और आलसी हो जाते हैं।

**थोड़ी देर योगा-मेडिटेशन:** भले 15-15 मिनट ही योगा और मेडिटेशन को दें या दोनों में से किसी एक को। लेकिन ये 15 मिनट भी आपकी चाल-ढाल, रहन-सहन में आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। फिट रहने की छोटी-छोटी कोशिशें करनी होती हैं और ये कोशिशें हमें उम्मीद से ज्यादा फिट और तरह-तरह की बीमारियों से दूर रखती हैं। मेडिटेशन का अभ्यास तो आप स्वयं सीख सकते हैं। योगासन का अभ्यास करने के लिए एक बार अनुभवी प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें।

यहां बताई गई बातों को फॉलो करें और देखिए, आप कुछ ही दिनों में हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक हो जाएंगे। *